Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 20 | सोमवार, 20 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

कांग्रेस ने 65 वर्षों तक देश पर शासन किया और उसके नेताओं ने संविधान के साथ छेड़छाड़ कर इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की

## राहुल को नहीं पता कि इंदिरा और नेहरू ने संविधान के साथ कैसे छेड़छाड़ की : जेपी नड्डा



**अहमदाबाद।**

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है और वह नहीं जानते कि उनके पिता (राजीव), दादी (इंदिरा) और दादी के पिता (नेहरू) ने संविधान के साथ छेड़छाड़ करने के क्या-क्या प्रयास किए थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने 65 वर्षों तक देश पर शासन किया और उसके नेताओं ने संविधान के साथ छेड़छाड़ कर इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। वह भाजपा के 'संविधान गौरव अभियान' में बोल रहे थे। हाल में, केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ एक टिप्पणी में 'इंडियन स्टेट'

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'जब 1949 में संविधान को अंगीकार किया जा रहा था, तो डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, अगर इसे लागू करने वाला बुरा है, तो यह विफल हो जाएगा।' नड्डा ने कहा कि अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35(ए) को आंबेडकर के विरोध के बावजूद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा लागू किया गया और इन प्रावधानों ने जम्मू-कश्मीर के लोगों को संविधान में निहित बुनियादी अधिकारों से वंचित कर दिया। उन्होंने कहा कि कुछ प्रावधानों ने जम्मू कश्मीर को अस्त-व्यस्त कर दिया था जिसे केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने निरस्त कर दिया। उन्होंने कहा, 'आंबेडकर और (जनसंघ संस्थापक) श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भी इन प्रावधानों का विरोध किया था। हमारी संसद में पारित किए गए 126 कानूनों को जम्मू-कश्मीर में लागू नहीं किया गया, जिससे वहां के लोग कई अधिकारों से वंचित हो गए।'केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'आपको खराब और अच्छे लोगों के बीच का अंतर समझना चाहिए...जब आपने मोदी को प्रधानमंत्री बनाया, तो 6 अगस्त 2019 को मोदी की इच्छा शक्ति और अमित शाह की रणनीति ने अनुच्छेद 370 को खत्म करने में मदद की।'

(भारतीय राज व्यवस्था) शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर राहुल पर उन्होंने प्रहार किया। नड्डा ने कहा, 'आज हमारे कांग्रेस नेता कहते हैं कि वे इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्हें इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है, न ही उनका इससे कोई लेना-देना है।' उन्होंने कहा कि राहुल उन्हें सौंपे गए भाषणों की सामग्री और संदर्भ को समझे बिना उन्हें 'सिर्फ पढ़ते' हैं। राहुल ने हाल ही में कहा था, 'भाजपा और आरएसएस ने इस देश की हर एक संस्था पर कब्जा कर लिया है और अब हम भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज व्यवस्था से लड़ रहे हैं।' नड्डा ने कहा, 'भारत अपना 76 वां गणतंत्र दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में हमें याद रखना चाहिए कि किसने संविधान के साथ छेड़छाड़ की और इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। यह भी याद रखें कि किसने संविधान की रक्षा की और किसने बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों की रक्षा करने के साथ उन्हें रेखांकित करने का काम किया।' उन्होंने कहा कि नागरिकों को उन पाखंडी लोगों से सचेत और सावधान रहना चाहिए जो संविधान को पढ़े बिना इसकी प्रति लेकर घूमा करते हैं।

## गाजा में युद्धविराम लागू होने के बाद इजरायल ने कहा- भारत का आभार

**नई दिल्ली।** गाजा में युद्धविराम लागू होने के बाद इजराइली राजदूत रूवेन अजार ने आत्मरक्षा के अपने देश के 'अधिकार' का समर्थन करने के लिए रविवार को नई दिल्ली का आभार जताया।

इजरायली दूतावास द्वारा जारी वीडियो में अजार ने कहा, मैं आत्मरक्षा के हमारे अधिकार का समर्थन करने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। हम भारतीय लोगों के समर्थन की विशेष रूप से सराहना करते हैं। सात अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा इजरायली शहरों पर किए गए हमले के जवाब में इजरायल ने गाजा पर सैन्य हमले शुरू किए थे। हमास के हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत लगातार संघर्ष विराम का आह्वान करता रहा है। भारत ने गाजा युद्धविराम समझौते का स्वागत किया है। युद्धविराम के बाद हमास ने तीन इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया है। तीनों इजरायली महिलाएं रेड क्रॉस



के वाहन से इजरायल पहुंचीं। भारी भीड़ ने उनका स्वागत किया। रिहा की महिलाओं की पहचान रोमी गोनेन (24) एमिली दमारी (28) और डोरोन स्टीनब्रेचर (31) के रूप में हुई है। गोनेन को नोवा संगीत समारोह से अगवा किया गया था। वहीं दो अन्य को किबुत्ज कफर अजा से अपहृत किया गया था। दमारी के पास इजराइली और ब्रिटेन की दोहरी नागरिकता है। वहीं स्टीनब्रेचर के पास इजराइली और रोमानियाई नागरिकता है। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि पूरा देश आपको गले लगाता है।

## इंजीनियर को साइबर अपराधियों ने लगाया 11 करोड़ का चूना

**नई दिल्ली।**

देश के विभिन्न क्षेत्रों में साइबर ठगी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस बीच कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से एक साइबर ठगी जानकारी सामने आई है। यहां पर एक इंजीनियर को ठगों ने डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनाया है। ठगों ने इंजीनियर को 11 करोड़ रुपयों की चूना लगाया है।

इस मामले में पुलिस ने अभी तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। इंजीनियर को सबसे पहले ठगों ने फोन किया और खुद को कस्टम और ईडी अधिकारी बताया, इसके बाद



करीब 11 करोड़ रुपये की ठगी की। मामले की जांच की जा रही है। इस मामले की जांच कर रही पुलिस ने बताया कि आरोपियों को किसी तरीके से पता चला कि शख्स का नाम विजय कुमार है और वह एक टेक कंपनी में इंजीनियर है और उसने शेयर बाजार में करीब 50 लाख रुपयों का निवेश किया है और ये बढ़तकर 11 करोड़ हो गई है।

शपथ ग्रहण से पहले ट्रंप ने बाइडन पर हमला बोला

## अमेरिका का खोया गौरव लौटाने का वादा



**नई दिल्ली।**

डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनेंगे। 20 जनवरी को उनके शपथ ग्रहण समारोह से पहले औपचारिक कार्यक्रमों की शुरूआत हो चुकी है।

इसी कड़ी में ट्रंप ने अर्लिंग्टन नेशनल सेमेट्री जाकर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अज्ञात अमेरिकी सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। यहां जानिए अमेरिका में शपथ ग्रहण से जुड़ी हर बड़ी अपडेट उत्साहित समर्थकों के गर्मजोशी भरे स्वागत से अभिभूत निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ग्रहण से चंद घंटे पहले वॉशिंगटन में आयोजित मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (टअऋअ) रैली में कहा, 'हम अपने देश को पहले से कहीं अधिक महान बनाने जा रहे हैं... हम कल दोपहर को अपने देश को उसका गौरव वापस लौटाने जा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि अमेरिका में पतन के 4 लंबे वर्षों का पर्दा गिर चुका है। ट्रंप ने कहा, 'हम अमेरिकी शक्ति और समृद्धि, सम्मान और गौरव के एक नए दिन की शुरूआत कर रहे हैं। उन्होंने डेमोक्रेट खेमे के बाइडन प्रशासन के कार्यकाल पर हमला बोला और कहा, हम हमेशा के लिए, एक असफल, भ्रष्ट राजनीतिक प्रतिष्ठान के शासन को समाप्त करने जा रहे हैं... हम इसे अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे हैं।' 2025समारोह में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में अरबपति एलन मस्क और ली ग्रीनवुड शामिल रहे। ग्रीनवुड ने रगॉड ब्लेस द यूएसएर गाने के साथ ट्रंप के चुनावी अभियान और प्रचार को धार दी थी। कार्यक्रम में मौजूद एक अन्य हस्ती- अभिनेता जॉन वोइट ने ट्रंप को हीरो करार दिया। उन्होंने कहा, एक ऐसा व्यक्ति जिसने अमेरिकी लोगों पर कभी भरोसा नहीं छोड़ा। यही कारण है कि हमने भी इन पर भरोसा बनाए रखा। ट्रंप के कार्यकाल में डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में सेवाएं देने को तैयार स्टीफन मिलर ने कहा, 'हम अपना देश और अपना लोकतंत्र वापस पाने वाले हैं।'

## ऋषभ पंत होंगे लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान

**लखनऊ।** अगले माह फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया की घोषणा हो चुकी है, जिसमें आक्रामक बल्लेबाज और युवा विकेटकीपर ऋषभ पंत को भी जगह मिली है। अब उन्हें एक और बड़ी जिम्मेदारी मिलने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर जायंट्स की कमान संभालेंगे। एलएसजी टीम प्रबंधन द्वारा सोमवार को कोलकाता में इसकी आधिकारिक घोषणा होना तय माना जा रहा है। ऋषभ पंत आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी कर चुके हैं। पिछले साल उनके नेतृत्व में दिल्ली ने शानदार शुरूआत की थी।

## 8 लाख ग्राहकों पर बिजली कंपनी की विशेष नजर

**पटना।**

बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड ने रविवार को सीएमडी पंकज कुमार पाल की अध्यक्षता में राजस्व संग्रह की स्थिति पर समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी प्रमंडलों के अधिकारी मौजूद थे।

इस क्रम में यह टास्क दिया गया कि वैसे आठ लाख उपभोक्ताओं पर विशेष ध्यान दिया जाए जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 में तो भुगतान किया था पर 2024-25 में एक बार भी बिल का भुगतान नहीं किया है। यह निर्देश दिया गया कि ऐसे उपभोक्ताओं से कम से कम 50 प्रतिशत की बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए। बैठक में यह तय हुआ कि जिन उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान नहीं किया जाता है वहां बिजली काटने वाली टीम की सहायता से बिजली काटने की प्रक्रिया शुरू की जाए। सीएमडी ने यह निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं से निरंतर संवाद किया जाए। बिल का भुगतान ससमय किया जाए इस बारे में माइकिंग, कॉलिंग तथा घर-घर जाकर संपर्क किया जाए। सीएमडी ने कहा कि मुख्यालय, सर्किल और डिवीजन स्तर से अभियंताओं की सख्त मानीटरिंग की जाएगी। किसी भी स्तर पर अनियमितता या फिर अनाधिकृत व्यवहार नहीं हो। उन्होंने मोतिहारी, चकिया, मुजफ्फरपुर पश्चिम, रक्सौल, सहरसा एवं अररिया प्रमंडल के अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि वे अपने बिलिंग दक्षता में सुधार करें। यह भी देखें कि बकाया वसूली के लिए डिवीजन द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं। जीएम (राजस्व) ने इस मौके पर कहा कि प्रत्येक सेक्शन में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इन टीमों को बकायेदारों की सूची दी गयी है।



## आज पता चलेगा चुनाव मैदान में कितने उम्मीदवार नामांकन वापस लेने का दिन है सोमवार




**दिल्ली।**

सोमवार को नामांकन वापस लेने के बाद पता चलेगा कि चुनावी रण में कितने उम्मीदवार हैं। शनिवार देर रात तक चली जांच में 1522 नामांकन पत्रों में से 803 रद्द कर दिए गए थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद उम्मीदवारों की संख्या 719 रह गई है। सोमवार को नामांकन वापस लेने के बाद पता चलेगा कि चुनावी रण में कितने उम्मीदवार हैं। शनिवार देर रात तक चली जांच में 1522 नामांकन पत्रों में से 803 रद्द कर दिए गए थे। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि जो उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं, वे सोमवार को अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। इसके बाद पता चलेगा कि दिल्ली में कुल कितने उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक 23 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कांग्रेस के संदीप दीक्षित और भाजपा के प्रवेश वर्मा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। इसके अलावा मुंडका, रोहतास नगर व जनकपुरी से 16, लक्ष्मी नगर से 15, बुराड़ी, आदर्श नगर व ओखला से 14, सीलमपुर, कालकाजी, विकासपुरी, द्वारका व मटियाला विधानसभा क्षेत्र से 13 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। वहीं, रोहतास नगर में सबसे कम पांच उम्मीदवार हैं।

## बारिश, बर्फबारी और बिजली गिरने की चेतावनी यूपी-हरियाणा समेत इन राज्यों में बिगडेगा मौसम

**नई दिल्ली।**

पश्चिम विक्षोभ की वजह से उत्तर भारत में बारिश और पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी रहेगा। पाकिस्तान के करीब एक पश्चिम विक्षोभ सक्रिय है। जबकि दूसरा पश्चिमी विक्षोभ ईरान के पास बना हुआ है। वहीं राजस्थान में पाकिस्तान सीमा के करीब एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी बना है। इस वजह से पश्चिम हिमालय क्षेत्र में 23 जनवरी तक वर्षा और हिमपात का दौर जारी रहेगा। वहीं 22 और 23 जनवरी को उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में बारिश की संभावना है। 22 और 23 जनवरी को पंजाब, हरियाणा चंडीगढ़ और दिल्ली, उत्तरी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गरज-चमक के साथ छिटपुट बारिश के आसार हैं। 20 जनवरी को असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के अलग-अलग इलाकों में घने कोहरे की संभावना है। उत्तराखंड, पश्चिमी राजस्थान, मध्य प्रदेश में भी घना कोहरा पड़ेगा। तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में कुछ स्थानों पर बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। 21 जनवरी को असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में घना कोहरा छाएगा। 22 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। 23 जनवरी को मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के कुछ स्थानों पर कोल्ड डे की चेतावनी जारी की है। पिछले 24 घंटे में कैसा रहा मौसम? पिछले 24 घंटे में देश के मैदानी इलाकों में सबसे कम तापमान पंजाब के अमृतसर में दर्ज किया गया। यहां न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस रहा।



## संपादक की कलम से

### ऑनलाइन झूठ को बढ़ावा


ललित शर्मा
संपादक

संयुक्त राज्य अमेरिका में निरंकुश व दक्षिणपंथी रुझान के अगुवा डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से पहले की जा रही उग्र बयानबाजी से पूरी दुनिया में हलचल है। अब चाहे कनाडा को अमेरिका में मिलाने का उनका दावा हो या ग्रीनलैंड व पनामा नहर पर प्रभुत्व का बयान। लेकिन शेष दुनिया के लिये चिंता की बात यह है कि निष्पक्ष वैचारिक स्वतंत्रता के पक्षधर होने का दावा कर रहे अमेरिका संचालित बहुचर्चित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी ट्रंप के निरंकुश व्यवहार से गहरे तक प्रभावित हो रहे हैं। लंबे समय तक ट्रंप से वैचारिक टकराव मोल लेने वाले अमेरिका से संचालित मेटा ने ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले अपनी नीति में बड़ा बदलाव किया है। मेटा ने अपने उस तथ्य जांच कार्यक्रम से हाथ खींचने का फैसला किया है जो ऑनलाइन गलत सूचनाओं और दुष्प्रचार को नियंत्रित करने का एक महत्वपूर्ण साधन था। निश्चित रूप से सूचना की विश्वसनीयता के लिये निर्धारित व्यवस्था के खत्म होने से ऑनलाइन झूठ व दुष्प्रचार के खिलाफ वैश्विक अभियान को झटका लगेगा। निश्चित तौर पर यह नाटकीय बदलाव वर्ष 2016 में सोशल मीडिया दिग्गज द्वारा शुरू किए स्वतंत्र थर्ड पार्टी तथ्य जांच कार्यक्रम के अंत का प्रतीक है। यह महज संयोग नहीं हो सकता है कि यह निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले आया है। ट्रंप मेटा के मुखर आलोचक रहे हैं। ट्रंप आरोप लगाते रहे हैं कि सोशल मीडिया पर दक्षिणपंथी आवाज को सेंसर किया जाता रहा है। वहीं मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग का कहना है कि उनके इस निर्णय की मुख्य प्रेरणा मुक्त अभिव्यक्ति को प्रश्रय देना है। उनकी इस दलील से कतई सहमत नहीं हुआ जा सकता। दरअसल, अमेरिका में दक्षिणपंथी रुझानों वाला ऐसा वर्ग भी है जो सोशल मीडिया पर सूचना सामग्री में किसी भी हस्तक्षेप का विरोध करता है। जिसके चलते फर्जी खबरों के कारण विवादों की श्रृंखला को जन्म मिल सकता है। बहरहाल, आशंका जतायी जा रही है कि तथ्यों की जांच की व्यवस्था समाप्त करने से झूठ और अफवाहों का तंत्र कालांतर कानून व्यवस्था के लिये भी बड़ी चुनौती बन सकता है। जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की सूचनाओं की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठेंगे। मेटा के इस कदम के बाद अन्य सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म भी दबाव में ऐसे कदम उठा सकते हैं। वैसे राष्ट्रपति का पद संभालने जा रहे ट्रंप से खराब रिश्ते सुधारने हेतु मार्क जुकरबर्ग का कदम व्यावसायिक दृष्टि से तो समझ में आ सकता है, लेकिन सोशल मीडिया पर सूचनाओं की दृष्टि से यह एक गैरजिम्मेदार कदम है।

## आम आदमी पार्टी की संजीवनी योजना क्या है?

# यह कब से लागू होगी? इसका लाभ किनको-किनको मिलेगा?

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दृष्टिगत आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है, जिसे उन्होंने संजीवनी योजना का नाम दिया है। इस योजना के तहत 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों को मुफ्त इलाज मिलेगा।

खास बात यह है कि इस योजना के अंतर्गत होने वाले इलाज पर कोई खर्च सीमा नहीं होगी। इसके अलावा, लाभुकों के इलाज के लिए आय सीमा का कोई बंधन नहीं होगा। इससे साफ है कि इस नई प्रस्तावित योजना के तहत इलाज फ्री, दवाई फ्री, सबकुछ फ्री किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद लोगों को फायदा मिल सके।

हालांकि, यह कोई सरकारी योजना नहीं है, बल्कि सत्तारूढ़ पार्टी 'आप' की तरफ से किया गया एक चुनावी वायदा है, जिसे वह चौथी बार सत्ता में आते ही सरकारी अमलीजामा पहनाएगी। दिल्ली प्रशासन ने भी कुछ ऐसे ही संकेत दिए हैं। बता दें कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले स्थानीय बुजुर्गों के लिए 'संजीवनी योजना' नामक बुजुर्ग स्वास्थ्य योजना की घोषणा की, जो दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले एक बड़ा चुनावी वादा है। इस योजना के तहत 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों को सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। इसके लिए आय की भी कोई सीमा नहीं रखी गई है। हां, बुजुर्ग व्यक्ति दिल्ली के मूल निवासी हों, यह अनिवार्य बना दिया गया है।

वहीं, इस योजना को लेकर आपके मन में भी तरह-तरह के सवाल पैदा हो रहे होंगे जिनका जवाब यहां देने की कोशिश कर रहा हूँ, जो आप रणनीतिकारों से पूछताछ पर आधारित है। खासकर यह कि इस योजना के तहत इलाज पाने के लिए क्या-क्या करना होगा और किन-किन लोगों को इस योजना में शामिल किया जाएगा। तो आइए इसके बारे में जानते हैं विस्तार से-

आप की संजीवनी योजना एक मेडिकल स्कीम है, जिसे पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए लॉन्च किया है। यह योजना 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए मुफ्त इलाज प्रदान करेगी। कहने का तातपर्य यह कि इस योजना के तहत 60 साल और उससे ऊपर की उम्र के लोग अपना इलाज करा सकते हैं। वहीं, इस योजना में इनकम को लेकर कोई विशेष नियम नहीं बनाया गया है, ताकि सभी वरिष्ठ नागरिकों को बिना किसी आय सीमा के ही मुफ्त इलाज मिलेगा। जहां तक इस योजना का लाभ प्राप्त करने की बात है तो इसके लिए आपको आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं से सम्पर्क करना होगा, क्योंकि वही लोग घर-घर जाकर इस योजना के लिए पंजीकरण कर रहे हैं। इस संजीवनी योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिकों को दिल्ली के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। बशर्ते कि वह दिल्ली का मूल निवासी हो। इस



संजीवनी योजना के तहत इलाज में होने वाला सारा खर्च शामिल है।

बता दें कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि अगर वो फिर से दिल्ली की सत्ता में लौटे, तो इस योजना को लागू किया जाएगा। इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। खुद आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ही इस योजना की शुरूआत की है। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मर्लिना भी उनके साथ थीं। इस रजिस्ट्रेशन के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लाभार्थियों को एक कार्ड उनके घर जाकर देंगे, जिसे सुरक्षित रखना है। क्योंकि इसी के आधार पर आगे की सभी सरकारी औपचारिकता आप की सरकार बनने के बाद पूरी की की जाएगी। इस योजना का मुख्य आकर्षण यह है कि इसमें इलाज के लिए कोई ऊपरी खर्च सीमा भी नहीं रखी गई है। यानी कि आपके इलाज का सारा खर्च सरकार वहन करेगी, चाहे वह जो भी हो।

इस प्रकार, संजीवनी योजना अन्य योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत योजना से काफी अलग है, क्योंकि इसमें इनकम को लेकर कोई नियम नहीं बनाया गया है। वहीं, यह योजना केंद्र सरकार की योजनाओं से भी स्वतंत्र है और इसका अपना एक अलग ढांचा है जो निकट भविष्य में दिल्ली सरकार खड़ा करेगी। इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन पूरी तरह फ्री है। हालांकि, यह योजना पूरी तरह से केवल दिल्ली प्रदेश के निवासियों के लिए ही है, जिससे यहां रह रहे बाहर के लोगों को भी इसका फायदा नहीं मिलेगा। वहीं, इस योजना के लिए कोई समयसीमा भी नहीं रखी गई है। वहीं, दिल्ली प्रशासन ने साफ कर दिया है कि दिल्ली सरकार की संजीवनी योजना जैसी कोई योजना नहीं है। बता दें कि दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने इस बारे में एक नोटिस भी जारी किया है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि अवैध तरीके से संजीवनी योजना के नाम पर पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में वरिष्ठ नागरिकों से आधार और बैंक खाता जानकारी मांगी जा रही है और नकली स्वास्थ्य योजना कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। इसलिए दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने जनता को सलाह दी है कि वे इस अनाधिकारिक योजना के तहत मुफ्त इलाज के वादों पर भरोसा न करें और अपनी संवेदनशील जानकारी साझा न करें। खबर है कि दिल्ली प्रशासन के इस खुलासे से लोग असमंजस में हैं। वहीं, आप नेता दावे से कह रहे हैं कि जब वे चौथी बार सत्ता में आएंगे तो इस योजना को प्राथमिकता पूर्वक लागू करेंगे। तब इसी दिल्ली प्रशासन को निर्वाचित सरकार की हर बात माननी पड़ेगी। वैसे तो अभी भी दिल्ली में आप की ही सरकार है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि चुनाव आचार संहिता से बचने के डर से आप सरकार ने इसकी पूरी फाइल नहीं चलाई। या फिर उसे इस बात का डर रहा होगा कि जब तक उपराज्यपाल की रजामंदी आएगी, तबतक चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी होगी। इसलिए आनन-फानन में आप रणनीतिकारों ने ताबड़तोड़ लोकलुभावन घोषणाएं शुरू कर दीं, जिनमें संजीवनी योजना भी एक मुख्य पहल है। – **कमलेश पांडेय**

लक्ष्मीनारायण सेन

स्वारथ

कविता



तोर मोर करत करत चलत ये संसार।
तेकर सेति नफरत के चलते हे बजार।।

तोर मोर करत करत बटावत हे परिवार।
स्वार्थ मा भाई भाई जान लेबर ? हे तैयार।।

घर के अंगना मा खींचावत हाबे दीवार।
मर्जी ले नइ हो पावै एपार आउ ओपार।।

लालच मे काकर बदल जही व्यवहार।
काकर मुड़ मा हो जाही मौत हा सवार।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मुझको भैयाजी माफ करना - गल्ती मारे से हो गई


गोंदिया

वेलकम इंडिया

वैश्विक स्तरपर भारतीय सभ्यता, संस्कृति, मूल्यों मयार्दा और आध्यात्मिकता की सजगता दुनियाँ में कहीं नहीं है हमारी सभ्यता के अनेक मोतियों में से एक क्षमां मांगना है बड़े बुजुर्गों का कहना है जो क्षमा करता है पुरानी बातों को भूल जाता है वही सबसे बड़ा दानी है क्योंकि क्षमादान जैसा कोई दान नहीं यहवैचारिक शक्ति है भारतीय सभ्यता की !

साथियों बात अगर हम हमारे आज के विषय वस्तु क्षमा मांगने की करें तो, क्षमा करने के सुनहरे नियम के साथ-साथ एक पहलू यह भी है कि हमसे अगर गलती हो जाए तो हमें शांत स्वभाव से अपनी गलती को स्वीकार कर लेना चाहिए और माफी मांगनी चहिए, क्योंकि हमेशा याद रखें कि माफी मांगने से हमेशा रिश्ते मजबूत ही होंगे, दो लोगों के बीच कभी बैर नहीं होगा। माफ करने या माफी मांगने की आदत से यह मालूम पड़ता है कि व्यक्ति तुच्छ भावों के मुकाबले में रिश्ते को ज्यादा अहमियत देता है।

साथियों बात अगर हम मानव जीव में क्षमा भाव की करें तो, क्षमा भाव जिसके भीतर विकसित हो जाता है, वह व्यक्ति समाज में आदरणीय माना जाता है। किसी को किसी की भूल के लिए क्षमा करना औरआत्मग्लानि से मुक्ति दिलाना एक बहुत बड़ा परोपकार है। कितना आसान है किसी से अपनी गलती की माफी मांगना और उससे भी ज्यादा आनंद तब मिलता है, जब वह व्यक्ति हमें माफ कर देता है। क्षमा का शस्त्र जिसके पास है, उसका दुष्ट मानव कुछ नहीं बिगाड़ सकते। जिस तरह बिना तिनकों की पृथ्वी पर गिर कर अग्नि खुद ही शांत हो जाती है।

साथियों बात अगर हम क्षमा मांगने की परिस्थिति की करें तो, यदि हमसे वाकई गलती हो गई है तो गंभीरता से क्षमा मांगें। कोई स्पष्टीकरण दें, हमारी गलती से वह विचलित है और हमारे कारणों को समझने की स्थिति में नहीं है। उसे पहले शांत कर सामान्य स्थिति में लाएं। दिल से मांगी गई माफी से स्थिति सामान्य हो जाएगी। यह हमारा बड़प्पन भी होगा कि जो व्यक्ति हमारे कारण दुखी हुआ है और हम अपनी गलती स्वीकार कर उसे सामान्य होने में मदद कर रहे हैं।फिर हुए नुकसान याअसुविधा की पूर्ति के लिए तत्काल प्रयास करें। व्यर्थ की दलीलों में समय बर्बाद करने की बजाय तत्काल कदम उठाएं। इस तरह हम अपनी खामियों के बावजूद सम्मान भरोसा हासिल करेंगे। अन्यथा भावनाओं की गलत अभिव्यक्ति से आप हमेशा तनाव में रहेंगे, जो आपको समाधान से दूर और दूर ले जाएगा।

साथियों बात अगर हम क्षमा देने की करें तो, कमजोर व्यक्ति कभी क्षमा नहीं कर सकता, क्षमा करना तो शक्तिशाली व्यक्ति का गुण है। जो पहले क्षमा मांगता है वह सबसे बहादुर है और जो सबसे पहले क्षमा करता है वह सबसे शक्तिशाली है। शास्त्रों में कहा गया है कि क्षमा वीरों का आभूषण है। बाणभट्ट के हर्षचरित में उल्लेख किया गया है कि क्षमा सभी तपस्याओं का मूल है। महाभारत में कहा गया है कि क्षमा असमर्थ मनुष्यों का गुण और समर्थ मनुष्यों का आभूषण है।श्री गुरु ग्रंथ साहिब का वचन है- क्षमाशील को रोग नहीं सताता और न ही यमराज डराता है।

साथियों बात अगर हम क्षमा में भावनात्मक मिश्रण से हानि की करें तो खासकर पारिवारिक झगड़ों में हम देखते हैं कि, पति का पत्नी से झगड़ा हो गया है। उनके बीच कोई समस्या हो सकती है, जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। चूंकि पत्नी का मूड खराब है तो वह बेटे पर गुस्सा उतारेगी। बेटे




पर मां मामूली-सी बात पर चिल्लाई तो वह अपने साथियों से लड़ पड़ा और हम जितनी कल्पना कर सकें उतना इस कहानी को विस्तार दे सकते हैं। भावनाएं यदि समस्या के स्रोत की दिशा में हो तो भी यह उसे सुलझाने की बजाय बड़ा बना देती हैं। यहीं पर बड़ी समस्या है, क्योंकि कोई माफी मांगे इसकी बजाय भावनात्मक विस्फोट के कारण आखिर में हमें ही माफी मांगनी पड़ सकती है।

साथियों बात अगर हम माफी मांगने में अफसोस और ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी.के तड़के की करें तो,मुझे अफसोस है, इन तीन छोटे शब्दों के बिना माफी वास्तव में माफी नहीं है। उनका उपयोग करने से हम यह प्रदर्शित कर सकते हैं कि हम वास्तव में उस समस्या को उत्पन्न करने के लिए पछताते हैं जिसने शिकायत को प्रेरित किया। इन शब्दों के साथ माफी माँगने से हमको यह दिखाने में मदद मिलती है कि हम अतीत में जो कुछ हुआ है उसकी ज़िम्मेदारी लेने के लिए तैयार हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा दोबारा न हो, यह समझाते हुए कि जो हुआ अब आगे हमेशा एक अच्छा विचार होगा, भविष्य में गड़बड़ी से मुक्त रखने के लिए हम जो कुछ भी बदलने की योजना बना रहे हैं उसे रेखांकित करके उस सफलता पर निर्माण करना सबसे अच्छा है।

साथियों बात अगर हम माफी मांगने की व्यवहारिकता की करें तो, यदि हम गलत हैं, आंशिक रूप से भी, किसी की मांग करने से पहले क्षमा मांगना बेहतर है। क्षमायाचना उन समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है जिन्हें हल करना सामान्य शब्दों के लिए बहुत कठिन है। क्षमा की वांछनीयता इसमें शामिल लोगों की संस्कृति पर निर्भर करती है। शर्म की संस्कृति में , एक उच्च स्थिति वाले व्यक्ति से जबरन माफी मांगना एक बहुत ही मूल्यवान चीज के रूप में देखा जाता है, क्योंकि माफी मांगने वाले व्यक्ति के सामाजिक अपमान को एक महत्वपूर्ण कार्रवाई के रूप में देखा जाता है।शिष्टाचार दूसरों से अपेक्षा करने का मानक नहीं है, यह एक ऐसा मानक है जिसका आप स्वयं पालन करते हैं। यह कहना कभी आसान नहीं होता, मुझे क्षमा करें। लेकिन कभी-कभी, गलती के लिए माफी मांगना ही आपकी प्रतिष्ठा की रक्षा करने का एकमात्र तरीका है।

साथियों बात अगर हम कुछ भी गलत नहीं किया है, तो भी माफी माँगने के तीन अच्छे कारणों की करें तो किसी को भी गलत तरीके से आरोपित किया जाना पसंद नहीं होता और ज्यादातर लोग निश्चित रूप से किसी ऐसी चीज के लिए माफी नहीं माँगना चाहते जो उन्होंने की ही न हो। जब हमने कुछ भी गलत नहीं किया हो या इससे भी बदतर, जब हम वास्तव में सही हों, तब माफी माँगने का विचार ही हमारे खून को उबाल देता है।हम क्रोधित हो जाते हैं, रक्षात्मक हो जाते हैं, या दूसरों पर भड़क जाते हैं, इनमें से कोई भी चीज स्थिति को सुधारने में कोई मदद नहीं करती।यह याद रखना जरूरी है कि माफी माँगना अपराध स्वीकार करना नहीं है; यह ज़िम्मेदारी स्वीकार करना है। अगर हमने कुछ भी गलत नहीं किया है, तो भी माफी माँगने के तीन अच्छे कारणये हैं। (1) सही होने के बजाय रिश्ते को चुनना- जब किसी रिश्ते में मुश्किलें आती हैं, तो दोष देना स्वाभाविक मानवीय प्रवृत्ति है। अगर दूसरा व्यक्ति गलत है, तो हम सही होने की संतुष्टि में खुश हो सकते हैं। आत्म-धार्मिकता के कुंड के गहरे छोर पर गोता लगाना आसान है। सही होने की अहंकार-पोषक जरूरत से ज्यादा रिश्ते के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए भावनात्मक परिपक्वता की जरूरत होती है। वर्तमान स्थिति के दर्द और कठिनाई के लिए माफी माँगना, भले ही आपने इसका कारण न बनाया हो, यह दशार्ता है कि आप सही होने की जरूरत से ज्यादा दूसरे व्यक्ति को महत्व देते हैं। (2) युद्ध जीतने के लिए युद्ध हारें - रिश्तों के मामले में आपको दूरगामी दृष्टिकोण रखने की आवश्यकता है। घर और काम पर हमारे रिश्तों में बहुत सी लड़ाइयाँ होंगी (जैसे, राय के मतभेद, संघर्ष, आदि), और अगर हम हर मामले में खुद को सही साबित करने के लिए जी-जान से लड़ेंगे तो हम थक कर मर जाएँगे। कभी-कभी युद्ध हारना और सही होने पर भी माफी माँगना बेहतर होता है, ताकि बड़ी लड़ाई जीती जा सके (जैसे, शांति बनाए रखना, प्रोजेक्ट पूरा करना, आदि)। (3) टीम के लिए एक कदम आगे बढ़ाएँ - नेता के रूप में, कई बार हमको टीम के लिए एक कदम आगे बढ़ाना पड़ता है। हो सकता है कि हम व्यक्तिगत रूप से दोषी न हों, लेकिन अगर हमारी टीम ने गलती की है, तो हमको उनकी ओर से दोष लेना चाहिए। कमजोर नेता अक्सर अपनी टीम को तब नुकसान पहुँचाते हैं जब वे कोई गलती करते हैं। नेता खुद को किसी भी जिम्मेदारी से मुक्त कर लेगा और लापरवाही से काम करने वाली टीम पर इसका दोष मढ़ देगा। हालाँकि, सबसे अच्छे नेता अपनी टीम द्वारा की गई गलतियों के लिए माफी माँगते हैं और जो भी दोष उनके सामने आता है उसे स्वीकार करते हैं,बड़ी लड़ाई जीतने के लिए छोटी लड़ाई हारने को तैयार हैं, या अपनी टीम के लिए एक लड़ाई लड़ने की जरूरत है, तो माफी माँगना ठीक है - भले ही आपने कुछ भी गलत न किया हो।

क्षमा दान महादान है
क्षमा के बराबर कोई दान नहीं है
गलती करना मानवीय विकार है
क्षमा करना ईश्वरय गुण हैं
क्षमा खुशनसीब है
अहंकार बदनसीब हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मुझको भैयाजी माफ करना गलती मारे से हो गई। गलती हो जाने पर क्षमा मांगना हर समस्या का तर्कसंगत समाधान है। यदि हमसे वाकई कोई गलती हो गई है तो गंभीरता से क्षमा मांगना हमारा बड़प्पन होगा और हमारी खामियों के बावजूद सम्मान, भरोसा हासिल होगा।

# जैन साधु एवं साध्वियों नगर प्रवेश पर हुआ भव्य स्वागत

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** नगर में होने वाले त्रय संगम के लिए रविवार को जैन साधु एवं साध्वियों को भव्य प्रवेश हुआ। इस दौरान सर्व समाज के लोगों ने भाग लेकर साधु संतों की आगवानी की। इस दौरान धार्मिक जयकारों से नगर धर्ममय हो गया।

नगर में श्री श्वेताम्बर जैन स्थानक में 22 जनवरी को त्रय संगम होना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में वाचनाचार्य डा विशाल मुनि जी महाराज का 53 वां दीक्षा दिवस, दो साध्वियों की बडी दीक्षा का पाठ तथा कांधला परिवार मिलन सामारोह का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उपप्रवर्त्तक आशीष मुनि जी महाराज ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि 22 जनवरी 1972 में वाचनाचार्य डा विशाल मुनि जी महाराज की दीक्षा कांधला में सम्पन्न हुई थी। जिसके 53 साल बाद वाचनाचार्य डा विशाल मुनि जी महाराज का दीक्षा दिवस कांधला में सम्पन्न कराने का सौभाग्य श्री श्वेताम्बर जैन समाज को प्राप्त हो रहा है।

समाज के प्रधान मंयक जैन ने बताया कि 15 जनवरी को बडौत में आयोजित 03 दीक्षा के बाद नवदीक्षिता 02 साध्वियों की बडी दीक्षा का पाठ भी कांधला में 22 जनवरी को ही सम्पन्न होगा। जिसके लिए कांधला के जैन समाज के जितने भी परिवार व्यापार के सिलसिले में दूसरे राज्यों में चले गए है, वही एकत्रित होगें। जिसके लिए नगर में 22 जनवरी को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए शनिवार को 03 साध्वियों का नगर में आगमन हो गया था, जबकि रविवार में वाचनाचार्य डा विशाल मुनि जी, उपप्रर्वत्तक आशीष मुनि जी महाराज सहित 09 संत तथा 17 साध्वियों का मंगल प्रवेश हुआ। महाराज श्री रमाला से विहार करके कांधला पहुंचे। प्रधान मंयक जैन ने बताया कि सोमवार में नगर में और साध्वियों का प्रवेश होगा। रविवार को नगर में हुए साधु संतों के प्रवेश के समय सैकडों श्रावक व श्राविकाएं मौजूद रहे। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्त्ता भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## समाजसेवी शिक्षक हाजी निसार अहमद का निधन

**संतकबीरनगर।** जूनियर हाई स्कूल सेमरियावां के शिक्षक के जिला उपाध्यक्ष रहे 72 वर्षीय हाजी निसार अहमद का रविवार के दिन निधन हो गया है।समाज सेवी शिक्षक नेता रिटायर निसार अहमद के निधन पर जनपद के शिक्षकों ने गहरा दुख व्यक्त किया। उनके घर पहुंच कर शिक्षकों ने शोक जताया एवं परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष जफीर अली कहा कि अमरडोभा निवासी हाजी निसार अहमद बहुत ही मिलनसार, नेक,सज्जन व्यक्तित्व के धनी थे। दूसरों की बढ़ चढ़कर मदद करते थे।बघौली ब्लॉक के सह समन्वयक और प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक बघौली के अध्यक्ष पद पर रह चुके थे। प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष अंबिका देवी यादव,गंगा प्रसाद यादव, केसी सिंह, जफीर अली करखी,मो आजम, मो शोएब अख्तर, जयभान चौधरी एवं जुनियर शिक्षक संघ के अब्दुस्सलाम सिद्दीकी , अब्दुल वादूद, शफीउल्लाह, जुबेर अहमद, असरारुल हक, बदरुल हक आदि शोक व्यक्त किया।

# विख्यात वैदिक विद्वान डॉ .टोनी नागर पंडित तिलकराज शर्मा स्मृति पुरस्कार से सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्ली।** विश्व विख्यात वैदिक विद्वान न्यूरोलॉजिस्ट एवं महर्षि महेश योगी फाउंडेशन के वैश्विक नेता डॉ टोनी नागर को स्व.पंडित तिलक राज शर्मा स्मृति में प्रति वर्ष दिए जाने वाले विश्व शांति पुरस्कार (सम्मान राशि 1 लाख 1 हजार रुपए )से सम्मानित किया गया

लाल बहादुर शास्त्री विश्वविद्यालय दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में ट्रस्ट के अध्यक्ष बहुआयामी शख्सियत, प्रख्यात समाजसेवी, उद्यमी, अमेरिका प्रवासी डॉक्टर इंद्रजीत शर्मा ने विख्यात वैदिक विद्वान डॉ.टोनी नागर को विश्व शांति पुरस्कार से विभूषित किया। पुरस्कार स्वरूप एक लाख एक हजार की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉक्टर टोनी नगर की पुस्तक चेतना ड्ढल्ल३ङ्क४२ल्ली२२ एवं शोध पत्रिका का भी लोकार्पण किया गया। उल्लेखनीय है कि महान समाजसेवी स्व.पंडित तिलक राज शर्मा के पद चिन्हों पर चलते हुवे उनके पुत्र एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. इंद्रजीत शर्मा गत दो दशक से सामाजिक समरसता एवं उत्थान, नारी सशक्तिकरण,पर्यावरण,हिंदी भाषा और साहित्य के उन्नयन एवं संवर्द्धन के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। डॉ.इंद्रजीत शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा गत 10 वर्ष में दुनिया के एक लाख से अधिक विशिष्टजनों को सम्मानित किया गया है।सम्मान पाने वालों में पद्म श्री, पदम भूषण से सम्मानित विशिष्ट शख्सियतों के साथ साथ समाज सेवा,साहित्य, पर्यावरण, बालिका शिक्षा,नारी सशक्तिकरण, खेल,आदि विभिन्न कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को पंडित तिलकराज शर्मा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष 100 कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर प्रख्यात वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बी.एल. गौड़, स्वामी आशीष ब्रह्मचारी,डॉ. एम.एम. पाठक (कुलपति), संभ्रांत शर्मा, डॉ. डी.ओ. त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में विशिष्ठजन उपस्थित रहे।

## युवती के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने पर 3 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** कस्बे के मौहल्ला रायजादगान डंगडूंगरा निवासी युवती ने मौहल्ले के ही एक युवक पर घर में घुसकर बदनीयती से दबोचने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कस्बे के मोहल्ला डंगडूंगरा निवासी एक युवती ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने घर पर अकेली थी। आरोप है कि परिजनों की अनुपस्थिति में मौहल्ला का रहने वाला समीर जबरन घर में घुस आया और बदनीयती से युवती को दबोच लिया। आरोप है कि समीर ने युवती के शरीर पर कई जगह मुंह से काट लिया है,जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई है। शोर शराबा होने पर मौके पर मौहल्ले के लोग जमा हो गए। थोड़ी देर बाद आरोपी युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि आरोपी युवक के परिजन वासिद और महिला अफसाना ने भी पीड़िता के साथ मारपीट की और कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने पीड़ित युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया है। जल्दी दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## मतगणना कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइज्जेशन सम्पन्न



**बागेश्वर।** स्थानीय निकाय सामान्य निर्वाचन के सफल संपादन के लिए मतगणना कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन हुआ। मतगणना दलों का गठन कर उन्हें निकायों का आवंटन भी किया गया। रविवार को जिलाधिकारी आशीष भटगांई की देख-रेख में मतगणना कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में हुआ। बता दे कि तीन स्थानीय निकायों में कुल 36 बूथ बनाए गए हैं। इनमें 22 बूथ नगर पालिका बागेश्वर व सात-सात बूथ नगर पंचायत गरुड़ एवं कपकोट में बनाए गए हैं। सभी निकायों की मतगणना के लिए 25 टेबल लगाई जाएंगी। इन सभी के लिए रिजर्व समेत 42 मतगणना दलों का रविवार को रेंडमाइजेशन हुआ। 42 मतगणना दलों के लिए कुल 124 मतगणना सुपरवाइजर व मतगणना सहायक कार्मिक (रिजर्व समेत) मतगणना के लिए तय किए गए। रेंडमाइजेशन के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी,नोडल अधिकारी कार्मिक/जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, उपजिलाधिकाररी मोनिका, अनुराग आर्या,जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राहुल आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षक के साथ मारपीट कई लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में मकान निर्माण करते समय कई लोगों ने मिलकर एक शिक्षक सहित परिवार के लोगों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में एक युवक घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।।पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार को गांव गंगेरू निवासी मौहम्मद ताहिर ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि पीड़ित गंगेरू कम्पोजिट विद्यालय में कार्यवाहक प्रधानअध्यापक है। पीड़ित का निकाह गंगेरू निवासी इस्लाम की इकलौती बेटी हाजरा खातून के साथ हुआ था। हाजरा खातून के माता-पिता ने अपनी संपत्ति हाजरा खातून के नाम वसीयत कर दी थी। बाद में हाजरा खातून ओर उसके माता-पिता की मौत हो गई थी। पीड़ित उक्त संपत्ति पर भवन निर्माण कर रहा था। रविवार की सुबह के गांव के कई लोगों ने जमीन पर कब्जे की नीयत से हमला कर दिया। जिसमें पीड़ित के परिवार का जुबैर गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराब के चलते कई ग्रामीण मौके पर पंहुचें तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर हमलावर इनाम, इमरान, राशिद रफिक शादाब, सहित कई लोगों के विरूद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है।

# मां चामुंडा के स्थान पर प्राण प्रतिष्ठा कर किया विशाल भंडारा

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम रोशनपुर जागीर में नूरपुर मुरादाबाद हाईवे पर स्थित मां चामुंडा देवी के स्थान पर नवनिर्मित मंदिर में देवी देवताओं की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान के द्वारा की गई जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

मां चामुंडा देवी के स्थान का जीर्णोद्धार कर भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है। उक्त मंदिर में माता काली, राम परिवार, शिव परिवार तथा नवग्रह की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा पंडित कपिल देव शर्मा के द्वारा पूरे विधि विधान से की गई। उससे पहले सभी मूर्तियों को गांव में भ्रमण कर कर मंदिर में स्थापित किया गया। इस अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से आए हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

जिसमें श्रद्धालु निर्दोष चौहान, पुष्पेंद्र चौधरी, करणवीर त्यागी, मुकेश गुप्ता, गौरव त्यागी, आयुष चौहान, कृष्ण कुमार, मास्टर अरविंद बंसीवाल, फकीरचंद सैनी, सरजू जोशी, संतोष चौधरी, पवन कुमार,



अनिल जुनेजा, डॉ ओम प्रकाश सिंह चौहान, डॉ गौतम सिंह लम्बरदार आदि श्रद्धालु रहे।

## बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का सम्मान समारोह आयोजित



**कांधला।** नगर में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में कैराना बार एसोसिएशन नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित कई लोगों का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे। रविवार को नगर के मौहल्ला सरावज्ञान स्थित कैराना बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय गौरीचंद के आवास पर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ व अन्य लोगों के सम्मान में समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसमें कस्बा एलम के निवासी रामकुमार वशिष्ठ के कैराना बार एसोसिएशन का तीसरी बार अध्यक्ष नवनिर्वाचित होने पर पूर्व राज्यपाल वीरेन्द्र वर्मा विचार मंच ट्रस्ट के प्रबंधक उमादत्त शर्मा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उधोग व्यापार मड़ल के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कंसल तथा चैयरमैन अश्वनी पंवार एलम सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से प्रतीक चिन्ह भेट.कर स्वागत किया। पवन कंसल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रामकुमार वशिष्ठ ने तीसरी बार एसोसिएशन अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला है।

# योगेश्वर शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना के साथ हुआ यज्ञ व भंडारे का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**बागपत।** बागपत नगर के पुराना कस्बा बागपत में स्थित योगेश्वर शिव मंदिर में विधि-विधान के साथ मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य सम्पन्न हुआ। प्राण-प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान प्रमुख समाजसेवी पुरूषोत्तम शर्मा रहे। मूर्तियों की स्थापना के उपरान्त मंदिर की ओर से हवन और भण्ड़ारे का आयोजन किया गया। भण्ड़ारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति की ओर से प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य सम्पन्न कराने के लिए सभी सहयोगियों सहित प्राण-प्रतिष्ठा के मुख्य पंड़ित आचार्य प्रवीण पुलत्स्य, मधुसुदन शास्त्री, शोभित शास्त्री, संजय शास्त्री व हर्ष शास्त्री का आभार व्यक्त किया गया।

मंदिर समिति की ओर से एड़वोकेट गगन गौड़ ने बताया कि मंदिर में मॉ काली, मॉ दुर्गा, लक्ष्मी नारायण भगवान, राम-दरबार, राधा-कृष्ण भगवान, भगवान परशुराम व भगवान हनुमान जी की भव्य मूर्तियां स्थापित की गयी है। बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 15 जनवरी 2025 से प्रारम्भ हुआ था और आज भंडारे के उपरान्त प्राण-प्रतिष्ठा का यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर गगन गौड़, वन्दना गौड़, हरीश शर्मा, निशि शर्मा, वरूण गौड़, वन्दना, अरूण गौड़, नेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, सत्यम शर्मा, एड़वोकेट नगेश शर्मा, राकेशमोहन, कपिल, स्वतंत्र शर्मा, तुषार शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, विजय कौशिक, एड़वोकेट रामपाल शर्मा, पुनीत शर्मा, संजय शर्मा, पवन शर्मा, श्रीकांत शर्मा, वतन शर्मा, अनुज भारद्वाज, हर्षवर्धन, अर्थव गौड़, शिवा, यूवी, राघव सहित सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## दो किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता अभियोग दर्ज

**कांधला।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने जनपद बागपत निवासी युवकों पर पीड़ित की बहन और उसकी सहेली को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पांच दिन पहले उसकी नाबालिग बहन और बहन की नाबालिग सहेली घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। पीड़ित भाई के अनुसार काफी तलाश करने के बाद पता चला कि संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई दोनो किशोरी को जनपद बागपत के थाना रमाला के गांव ककड़ीपुर निवासी सोनू और अमित अपने एक अन्य साथी फरमान के साथ मिलकर बहला फुसलाकर भगा ले गए है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में अभियोग दर्ज कर दोनों किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है।

# मथुरा में निकाली जाएगी भगवान श्री राम की शोभायात्रा



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे भारत वर्ष में भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

इसको लेकर मथुरा में भी बड़े ही धूमधाम से मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मीडिया से बात करते हुए पाण्डेय फोम हाउस के मालिक मोनू पाण्डेय ने बताया कि दिनांक 22/01/2025 को राधिका बिहार से प्रारंभ होकर मंडी चौराहा,कृष्णा नगर, भूतेश्वर चौराहा से बीएसए कॉलेज रोड से राधिका बिहार में सम्पन्न होगी।यात्रा सम्पन्न होने के बाद विशाल भंडारा सभी भक्तजनों के लिए किया जाएगा। जिसमें समस्त मित्रमंडली और कॉलोनी वासियों का सहयोग रहेगा। उन्होंने बताया कि ये शोभायात्रा दूसरी बार निकाली जा रही है और अबकी बार पहले से भी भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

और हमारी कोशिश रहेगी कि प्रति वर्ष इसी तरह हमारे आराध्य भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली जाए। मीडिया के माध्यम से उन्होंने समस्त सनातनी भाइयों से शोभायात्रा में सम्मिलित होने की अपील की। मीडिया से बात करते हुए हैकर्स फैशन हब के ऑनर अनुज खंडेलवाल बताया कि ये हमारे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है और इसमें हम सभी सनातनियों को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

# मगहर में मनबढ़ युवकों का आतंक, प्रशासन सतर्क

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला मोहनलालपुर के कुछ मनबढ़ युवक लगातार चार दिनों से गोलबंद होकर नगर के युवकों पर जानलेवा हमला कर रहे हैं।जिससे स्थानीय लोगों में भय बना हुआ है।लगातार होरही घटना में अबतक कोतवाली में दो नामजद मामले दर्ज हो चुके हैं।लगातार घटित हो रही घटना को लेकर शनिवार को पुलिस के आला अधिकारियों ने कस्बे में पहुंचकर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और सम्बंधित पर सख्त कारवाई की बात कही।

गौरतलब होकि मकर संक्रांति के अवसर पर कबीर स्थली पर खिचड़ी का पारम्परिक मेला लगा हुआ है। जिसे देखने के लिए दूर दराज से लोग आते रहते हैं।भीड़ का फायदा उठाकर मोहनलालपुर के कुछ मनबढ़ युवक मेले में शामिल होकर लोगों के साथ अभद्रता करते हुए युवकों को अपना निशाना बना रहे हैं।चार दिन से लगातार घट रही घटना में मेले के पहले दिन युवकों ने मेले में आये एक युवक का सिर फोड कर लहू लहान कर दिया था जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है।इसके बाद गुरुवार को मेले में कवरेज करने गये एक यूट्यूबर पत्रकार आफताब अहमद पुत्र अब्दुल हलीम पर पीछे से हमला बोलकर सिर पर वार कर गम्भीररूप से घायल कर दिया। जिसमें तहरीर के बाद चार युवकों और कुछ अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज है। शुक्रवार की दोपहर को भी मेला परिसर में कुछ युवकों द्वारा दो युवकों पर हमला करने की बात सामने आई है। शुक्रवार की रात लगभग नौ बजे काजीपुर चौराहे पर केला खरीदने पहुंचे मोहल्ला काजीपुर निवासी युवक आमिर अंसारी पुत्र मो यूनुस पर गुरुवार की घटना में शामिल उन्हीं युवकों ने जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।घटना के बाद युवक को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया।जहां डाक्टरों ने युवक की गम्भीर हालत को देखते हुये मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।जहां से पुनः युवक की स्थिति नाजुक देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया है।जिसकी हालत गम्भीर बनी हुई है।घटना के बाद रात में स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पडा जिसके बाद रात लगभग ग्यारह बजे कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने लोगों को कारवाई का भरोसा दिलाते हुए लोगों शांत कराया। शनिवार की सुबह सीओ अजीत चौहान ने भी कस्बे में पहुंच कर स्थिति का जायजा लेते हुए घटना की जानकारी ली। मामले की गम्भीरता को देखते हुए दोपहर तक अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने भी कस्बे में पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है मामले में पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लिया है पूछताछ चल रही है।

## पूर्व की घटनाओं पर ध्यान देती पुलिस तो नहीं बढ़ता मामला

**संतकबीरनगर।** मोहनलालपुर के मनबढ़ युवकों द्वारा मेले में गोलबंद होकर मारपीट कोई नयी बात नहीं है। बाकी दिनों में भी निषाद समाज से आने वाले ये मनबढ़ युवक नदी तट के कारण पूरे दिन परिसर में ही जमा रहते हैं और वहां पहुंचने वाले लोगों के साथ उनका अभद्र व्यवहार और धमकी देना आम बात है। छोटी छोटी घटनाओं में लोग भय के कारण इनपर कारवाई करने से कतराते रहे हैं।

## पहले भी इन युवकों पर दर्ज होचुके है मामले

**संतकबीरनगर।** मोहनलालपुर मोहल्ले के मनबढ़ युवकों द्वारा पहले भी कबीर स्थली पर आने जाने वाले युवकों पर जानलेवा हमले का मामला सामने आ चुका है।जिसमें दो अलग अलग युवकों के गम्भीर रूप से घायल होने के बाद मामला कोतवाली में दर्ज है।जिसमें एक मामला तेरह जुलाई 2024 का है।

जिसमें कस्बे के काजीपुर केलाबाग निवासी युवक तौसीफ अहमद जो कबीर स्थली के रास्ते काम करने सहजनवा जा रहा था जिसके सर पर वार करके गम्भीर रुप से घायल कर दिया था।जिसमें मोहनलालपुर के कुछ युवकों के खिलाफ मामला दर्ज है।इसके अलावा ग्रामसभा मोहिउद्दीनपुर निवासी युवक इरशाद अली पुत्र सज्जाद अली अरबाज अली पुत्र रियाज अली एहतेशाम पुत्र रिजवान कबीर स्थली की तरफ से स्टेशन रोड होते हुए घर जा रहे थे इस घटना में भी उक्त लोगों के द्वारा तीन युवकों पर हमला बोल कर गम्भीररूप से घायल कर दिया था। जिसमें इरशाद नाम के युवक के सिर में गम्भीर चोट आई थी।जिसमें मोहनलालपुर निवासी साहिल, अंकुश, अरजित, भोलू, सोनू के खिलाफ मामला दर्ज है।

# पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं पर दर्ज एफआईआर व उत्पीड़न को लेकर सपा ने की प्रेस वार्ता

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर भाजपा के इशारे पर पुलिस द्वारा सपाईयों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। वहीं सपा ने रविवार को प्रेस वार्ता करके सपाइयों पर फर्जी मुकदमा पुलिस द्वारा दर्ज कराने का भाजपा पर गंभीर आरोप लगाया है।

बता दें कि मिल्कीपुर उपचुनाव को शांति पूर्ण कराने को लेकर मिल्कीपुर सर्किल की तीनों थानों की पुलिस लगातार कार्रवाई करने में जुट गई है। वहीं मिल्कीपुर के सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद के पांच नंबर आवास पर अधिवक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव ने प्रेस वार्ता की। पत्रकारों से बात करते हुए अधिवक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव ने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव भाजपा अपने को हारता देख सपा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं के खिलाफ पुलिस पर दबाव बनाकर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने व उत्पीड़न में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। सपाइयों पर दर्ज फर्जी मुकदमों का डाटा इकट्ठा करके सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि जिन सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता पर फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज हुआ है, उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। भाजपा के इशारे पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दाखिल कर कार्रवाई कराई जाएगी। कार्यकताओं पर फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज करा कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। सपा के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि सपा के सक्रिय कार्यकताओं पर जानलेवा हमला जैसे गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया गया है। मिल्कीपुर में भाजपा के इशारे पर पुलिस द्वारा सपाइयों को परेशान करने की शिकायत चुनाव आयोग से की गई है। मिल्कीपुर सर्किल की इनायत नगर, कुमारगंज व खंडासा पुलिस द्वारा लगभग एक दर्जन सपाइयों के खिलाफ फर्जी केस दर्ज किया गया है।

वही सपा जिला महासचिव बख्तियार अहमद का कहना है कि जिला बदर व आपराधिक कि स्म के व्यक्ति मो० इदरीस की फर्जी शिकायत पर इनायत नगर पुलिस ने मारपीट सहित अन्य गंभीर धाराओं में फर्जी मुकदमा उनके खिलाफ दर्ज किया है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष सईद जाफरी, सूर्यभानु यादव, साबिर जाफरी, आकिब खान सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सीबीगंज में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** पौराणिक मान्यताओं और आयुर्वेद में माघ माह में खिचड़ी भोज का एक अलग ही महत्व माना गया है। इसलिए जिले में जगह जगह खिचड़ी भोज का आयोजन अभी भी जारी है, सीबीगंज क्षेत्र में रविवार को कई जगहों पर खिचड़ी भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीबीगंज थाने के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर आयोजित खिचड़ी भोज कार्यक्रम में नर सेवा, नारायण सेवा, को आत्मसात करते हुए खिचड़ी वितरित की गई, जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक सुधीर कुमार गोयल ने कहा कि हमारे आयुर्वेद में चावल को चंद्रमा के रूप में, काली उड़द की दाल को शनि का प्रतीक, हल्दी को बृहस्पति का प्रतीक, नमक को शुक्र का प्रतीक, हरी सब्जियां को बुध का प्रतीक माना गया है। वहीं इन सभी के मेल से बनी खिचड़ी की गर्मी व्यक्ति के मंगल और सूर्य के संबंध को मजबूत बनाती है, इस प्रकार खिचड़ी खाने से सभी प्रमुख ग्रह मजबूत हो जाते हैं।

इस कार्यक्रम में सहयोगी रहे कैंफर फैक्ट्री के प्रोडक्शन मैनेजर अरुण चौहान ने कहा कि कहा कि मकर संक्रांति से लेकर माघ माह में नए अन्न की खिचड़ी खाने से हमारा शरीर पूरे साल आरोग्य बना रहता है। और इस माह पीले भोजन का ग्रहण करना और भी अधिक शुभ माना गया है, खिचड़ी हमारे भारत का राष्ट्रीय भोजन भी है। खिचड़ी खाने का महत्व मकर संक्रांति के दिन से जुड़ा हुआ है। खिचड़ी दाल, चावल, हल्दी, नमक और सब्जियों से मिलकर बनती है, जो संतुलित और पौष्टिक आहार होती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनोज रस्तोगी, दयाराम, धर्मेंद्र पाल सिंह, सत्येंद्र गंगवार, प्रमोद कुमार वर्मा, दक्षपाल गंगवार, भानु प्रताप सिंह, अरुण सक्सेना, मोहन सिंह, महिपाल कश्यप, रवि सिंह, विनीत कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## कोर्ट की अवमानना के आरोप में भास्कर अस्पताल के प्रबंधक और सुमंगल डेंटल केयर के डायरेक्टर का लाइसेंस होगा निरस्त




वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** सड़क हादसे में अपना पैर गंवाने वाले राजवीर, अस्पतालों द्वारा की लापरवाही को लेकर पिछले 10 वर्षों से न्याय की गुहार लगा रहे हैं, अब जाकर उन्होंने न्याय मिला है। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी क्षितिज कुमार श्रीवास्तव ने इलाज के रिकॉर्ड न देने पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भास्कर अस्पताल के प्रबंधक और सुमंगल डेंटल केयर व ट्रामा सेंटर के डायरेक्टर का लाइसेंस कैंसिल करने का आदेश दिया है। आपको बता दें कि भमोरा थाना क्षेत्र के ग्राम चंपतपुर निवासी राजवीर 18 मई 2013 को चौपुला से घर जा रहे थे। तभी रास्ते में कुष्ठ आश्रम के पास टेंपो पलट गया था। जिससे राजवीर को गंभीर चोटें आई थी। वह मिनी बायपास स्थित भास्कर और सुमंगल अस्पताल में अपना इलाज करा रहा था। लेकिन इलाज के दौरान उनका दया पर काट दिया गया। राजवीर ने अपने वकील हरिश चंद्र भाटिया के जरिए 2014 में मुआवजे के संबंध में अधिकरण में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने दोनों अस्पतालों को कई बार पत्र भेजे मगर इलाज के रिकॉर्ड नहीं उपलब्ध कराए गए। कोर्ट के आदेश के बाद जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह ने भास्कर अस्पताल के प्रबंधक ओपी भास्कर और सुमंगल डेंटल केयर व ट्रामा सेंटर के डायरेक्टर डॉक्टर आशीष अग्रवाल के लाइसेंस निरस्त करने के आदेश दिए हैं।

## युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेल लीग प्रतियोगिता का हुआ समापन



**अमेठी।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में तथा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। आज अंतिम दिवस विजेता खिलाड़ियों को उप जिलाधिकारी न्यायिक अभिनव कनौजिया द्वारा पुरस्कार वितरण कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया गया। आज अंतिम दिन बैडमिंटन, कुश्ती, जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजयी खिलाड़ियों का एसडीएम न्यायिक द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ, उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, सचिव एथलेटिक्स एसोसिएशन अमेठी संदीप कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी निधि श्रीवास्तव, अपूर्व यादव, रागिनी पांडे, जिला बैडमिंटन एसोसिएशन संघ महेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# खेत की मेड़ को लेकर दो पक्षों में विवाद

वेलकम इंडिया



**रहीमाबाद, लखनऊ।** ग्राम उतरेहटा में रविवार को खेत की मेड़ को लेकर दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद लाठी डंडों व से मारपीट में एक पक्ष के एक लोग घायल हो गए।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गहदो के उतरेहटा गांव निवासी वृद्ध किसान रामरतन उर्फ रतनू के मुताबिक उसके खेत में विशाल ने अपनी मेढ़ रख दिया था। जिसका फैसला रविवार को समय लगभग दोपहर लगभग एक बजे के आस पास खेत में ही गांव के ही सम्भ्रांत व्यक्तियों के द्वारा दोनों लोगों के खेत की मेंड़ को रखवाया गया था। जिसकी रंजिश मानते हुये विशाल अपने दो अन्य भाई सरोज व मनोज के साथ खेत में ही भद्दी भद्दी गालियाँ देते हुये लाठी डंडो से हमला कर दिया और मारने पीटने लगे तभी पुत्र संजय के द्वारा बीच बचाव करने पर उक्त लोगों ने सर पर डंडा मार कर घायल कर दिया।पीड़ित किसान ने यह भी बताया कि तभी विशाल ने उसके सर पर धारदार हथियार मार दिया।जिससे उसके सर पे काफी चोट आयी है। मौके पर मौजूद व्यक्तियों के द्वारा बीच बचाव करने पर उपरोक्त लोग ऐलानिया धमकी देते हुए यह कहकर मौके से भाग गए यदि दोबारा कहीं अकेले में मिल गए तो जान से मार देंगे। पीड़ित किसान ने थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।पुलिस ने तहरीर मिलते ही जांच शुरू कर दी है।

# थाना गोसाईंगंजअयोध्या पुलिस ने गुमशुदा बच्चों को तलाश कर उनके माता पिता को सकुशल किया सुपुर्द



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** थाना गोसाईंगंज के चौकी महबूबगंज क्षेत्र में चौकी इन्चार्ज महबूबगंज गोविन्द अग्रवाल मय फोर्स द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान दो बच्चों को संदेह होने पर रोका टोका गया तो पता चला कि उक्त दोनों बच्चों गुमशुदा है जिनकी पहचान 1.सूरज पुत्र पिन्टू निवासी कोटवाडाड़ उम्र करीब 08 वर्ष 2.पलक पुत्री पिन्टू उम्र करीब 03 वर्ष निवासी कउवाडाड़ जयसिंहपुर थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर के रूप मे हुई ।

उक्त के सम्बन्ध मे जानकारी की गयी तो पता चला कि उक्त दोनों बच्चे सुबह से गायब थे जिनकी तलाश उनके परिजन सुबह से ही कर रहे थे एंव स्थानीय थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा भी किया जा रहा था । इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज परशुराम ओझा द्वारा मौके पर पहुंचकर गुमशुदा बच्चों को उनके माता पिता की सुपुर्दगी मे सकुशल दिया गया। बच्चों के परिजनों द्वारा अयोध्या पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

## गांव में आग तापने पर मचा बवाल, लोहे की रॉड से युवक पर हमला

**बरेली।** थाना बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम वारिस पट्टी में मामूली कहासुनी, एक बड़ी घटना में बदल गई। पीड़ित अमन पुत्र अली अहमद ने आरोप लगाया है कि आग तापने के विवाद में गांव के तीन लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर के मुताबिक, जब वह अपने घर के पास आग जलाकर ताप रहा था, तो अफसर अली नामक व्यक्ति वहां आया और गाली-गलौज करते हुए आग तेज करने को कहा। जब अमन ने इसका विरोध किया, तो अफसर अली ने उसे पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान अफसर अली ने अपने बेटों कौसर अली और सदाकत अली को भी मौके पर बुला लिया। पीड़ित का आरोप है कि कौसर अली लोहे की रॉड लेकर आया और तीनों ने मिलकर अमन को बुरी तरह पीटा। इस मारपीट में कौसर अली ने लोहे की रॉड से अमन के दाहिने हाथ पर वार किया, जिससे उसकी हड्डी टूट गई। तहरीर के अनुसार, आरोपी लगातार उसे जान से मारने की धमकी देते रहे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पात्रों को दिलाना हमारा संकल्प : चंद्रभानु पासवान

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान के कुचेरा मंडल के आधा दर्जन गावां में जनसम्पर्क किया। उन्होंने नौहडिया बारून, देवरिया, पुरैनी, अरमारूपीपुर, तरमा, छोटेका तरमा, सोधियावां में लोगों सम्पर्क व संवाद किया। जनसम्पर्क के दौरान कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी का स्थानीय लोगों माला पहना कर स्वागत किया।

इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि सरकार जन समान्य व कतार के अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पात्रों को दिलाना हमारा संकल्प है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की अवधारणा के साथ हम निरंतर आगे बढ़ रहे है।

उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति की उत्थान की परिकल्पना को सार्थक करने के उपरान्त समाज के हर वर्ग का साथ मिल रहा है। सबका साथ सबका विकास के साथ हमारा उद्देश्य सबका विश्वास हासिल करना है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वय से जनता में उत्साह का माहौल है। सभी पात्र व्यक्तियों को बिना भेद-भाव के सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जनसम्पर्क के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर हुई कार्रवाई, 10 हजार का किया चालान





वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के आदेशानुसार राजस्व वसूली के उद्देश्य से जोनल अधिकारी जोन-7 के नेतृत्व में रविवार, 19 जनवरी 2025 को वार्ड मैथिलीशरण गुप्त, बाबू जगजीवन राम और इंदिरा नगर क्षेत्र में स्थित अंग्रेजी, देशी और बीयर शॉप्स का ट्रेड लाइसेंस चेक किया गया। इस जांच के दौरान 07 दुकानों का लाइसेंस शुल्क जमा पाया गया। वहीं, 04 दुकानों का लाइसेंस शुल्क जमा नहीं किया गया था। इन दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि वे सोमवार सुबह 10:00 बजे तक अपने लाइसेंस शुल्क को जमा करें, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सिंगल यूज प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया गया। दुकानों के आसपास स्थित कैंटीनों में पॉलिथीन का प्रयोग पाया गया, जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा था। इस उल्लंघन के कारण 10 हजार रुपये का समन शुल्क वसूला गया। पॉलिथीन के खिलाफ यह अभियान नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाना है।

कार्रवाई में कर अधीक्षक राम अचल, रीता बाजपेई, जोनल स्वच्छता अधिकारी श्री कुलदीपक सिंह, सफाई निरीक्षक बृजेश प्रजापति, देवेन्द्र वर्मा और ईटीएफ टीम के सदस्य शामिल थे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर अभियान को सफलतापूर्वक चलाया।

नगर निगम का यह कदम न केवल राजस्व वसूली में मदद करेगा, बल्कि इससे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। अधिकारियों ने इस प्रकार की कार्रवाई को आगे भी जारी रखने की बात कही है, ताकि शहर में नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके और शहर की साफ-सफाई की स्थिति में निरंतर सुधार हो।

# कबीर साहित्य परिषद भारत ने भारत माता के सपूत महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी का किया आयोजन



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** कबीर साहित्य परिषद भारत के द्वारा हापुड़ के कवि नगर मौहल्ले में भारत मां के वीर योद्धा महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर एक विशेष काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महाराणा प्रताप की 507 वीं पुण्यतिथि पर उनकी याद में एक लघु काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्था के संस्थापक डा.नरेश सागर ने की और गोष्ठी में अपनी कविता मुकेश प्रजापति ने कुछ यूं पढ़ा कि.... देश के युवाओं को जब देख नशे के हाल रहा। हवस चढ़ी चरम सीमा पर ना अच्छे बुरे का ध्यान रहा। कवि अंकित इंकलाब ने पढ़ा.युगों युगों से धरा धरा पर,बनती एक कहानी है। मातृभूमि पर जान लूटा दे उस योद्धा की कहानी है। साथ ही शायर सलीम खान ने पढ़ा कि..ना बात समझतीं है,ना जज्बात समझतीं है।एक लड़की मेरे दिल को, खिलौना समझतीं है। वही आयोजित काव्य गोष्ठी में युवा कवि विजय वर्मा ने कुछ ऐसा पढ़ा कि.... द्वेष ईर्ष्या त्यागकर,करो प्रेम संचार। कोई वंचित ना रहे, खुशियां मिले अपार। कार्यक्रम के आयोजक डा.जितेंद्र जीत ने पढ़ा कि....चिरकालिका आदि अंनत को।नमन हमारा एक संत को।।जनकवि बेखौफ शायर ने महाराणा प्रताप जी को कुछइस तरह से नमन किया...महाराणा प्रताप के जैसा, कौन महाशाली होगा।चेतक जैसा घोड़ा कोई,और कहां दूजा होगा। गोष्ठी का मंच संचालन युवा कवि अंकित इंकलाब और चेतन कुमार ने किया। इस अवसर पर महक सिंह, राजेन्द्र शर्मा, उर्वशी गौतम, लटूरी वर्मा पद्म सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 23 जनवरी को निकाली जाएगी जय हिंद तिरंगा यात्राः ज्ञानेंद्र त्यागी

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला ईकाई हापुड़ के तत्वाधान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की महिला ब्रिगेड की अध्यक्ष सुमन त्यागी की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता कर प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी ने बताया कि 23 जनवरी पहले तो इस बार जय हिंद तिरंगा यात्रा का आयोजन नहीं करने का मन था क्योंकि महिला बिग्रेड की पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष सुमन त्यागी कैंसर की लम्बी बीमारी से जूझ रहीं हैं और गत वर्ष महिला ब्रिगेड की जिला सचिव प्राची खुल्लर के पति का अकस्मात ह्रदयगति रूकने से निधन होना और जिला प्रवक्ता हाक्मीन अली मंसूरी को फालिस की बीमारी से ग्रसित होना व कई पदाधिकारियों के साथ इसी तरह की घटनाओं से मन दुखी था लेकिन सुमन त्यागी ने मुझे फोन करके कहा कि इस बार जय हिंद तिरंगा यात्रा का आयोजन जरूर होना चाहिए जिसकी जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी (वीर चक्र) को दी तभी तेजेन्द्र पाल त्यागी (वीर चक्र) ने तुरंत मुझ से फोन कर कहा कि हापुड़ यूनिट इस बार 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर जय हिंद तिरंगा यात्रा का आयोजन जरूर होना चाहिए इसी कड़ी में आज सुमन त्यागी के निवास पर हवन भी किया गया जिसमें सभी के स्वस्थ्य होने की कामना की प्रेस वार्ता में सुमन त्यागी ने कहा कि जय हिंद तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों शामिल होने की सम्भावना है ज्ञानेंद्र त्यागी ने बताया कि जय हिंद तिरंगा यात्रा का शुभारंभ प्रातः10 बजे जिला कार्यालय 940 भगवती गंज मंडी से प्रारम्भ होकर अमर शहीद मेजर आशाराम त्यागी चौक (पक्का बाग चौराहा) होते हुए अतरपुरा चौराहे से तहसील चौराहा से फ्रीगंज रोड होते हुए नगर पालिका परिषद स्थित शहीद स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर जय हिन्द तिरंगा यात्रा का समापन होगा जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी ने बताया कि जय हिन्द तिरंगा यात्रा में कई किसान संगठन व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे जिनमें भारतीय किसान यूनियन, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन, भारतीय किसान यूनियन भानु, इंडियन नर्सरी मेन एसोसिएशन, भारतीय किसान यूनियन किसानशक्ति, भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक, जनसंख्या समाधान फाउंडेशन, भारतीय किसान यूनियन माहात्मा टिकैत, भारतीय किसान यूनियन संघर्ष।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था की महिला ब्रिगेड की जिला अध्यक्ष मोनिका त्यागी, जिला सचिव प्राची खुल्लर, जिला कोषाध्यक्ष पूनम उपाध्याय, नगर अध्यक्ष संगीता चौधरी, जिला कार्यालय अधीक्षक दिपिका त्यागी, जिला संरक्षक डाक्टर अजय त्यागी, जिला सूचना प्रसारण मंत्री श्याम वर्मा, युवा कमांड के जिला सचिव गौरव त्यागी, प्रशासनिक सदस्यों में कुसुम त्यागी ,अनिता त्यागी, महेंद्र शेठ, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के सुधीर मूंछ अभिराज त्यागी, गोविंद खुल्लर, टिमटिम त्यागी, संजय त्यागी सतीश मैडिकल स्टोर वाले व अनेक प्रशासनिक सदस्य मौजूद रहे।

# ब्राह्मण समाज के नेताओं और नेतृत्व के खिलाफ षडयंत्र रचने वालों को समाज संगठित होकर देगा मुंहतोड़ जवाबः पवन शर्मा पहलवान

वेलकम इण्डिया



**हरियाणा/हिसार** । हरियाणा ब्राह्मण सभा प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा पहलवान ने बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली पर कथित आरोपों की सख्त शब्दों में निंदा की। पहलवान ने हरियाणा ब्राह्मण धर्मशाला एवं छात्रावास में आयोजित प्रेस वार्ता में सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की वहीं इस पूरे प्रकरण को राजनैतिक दुर्भावना से प्रेरित मसला करार दिया।

उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के नेताओं और नेतृत्व के विरुद्ध षडयंत्र रचने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए समाज को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होकर मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है।पहलवान ने कहा कि इस घटनाक्रम में पर्दे के पीछे कौन शामिल है और किस किस का हाथ है वक्त आने पर सब सामने आ जाएगा।

हरियाणा ब्राह्मण सभा प्रदेशाध्यक्ष पवन शर्मा पहलवान ने कहा मोहन लाल बडोली के नेतृत्व में बीजेपी संगठन ने हरियाणा में नया कीर्तिमान रचकर तीसरी बार सरकार बनाई है, प्रदेश बीते लंबे समय से काबिज कुछ राजनैतिक शक्तियों को हरियाणा प्रदेश में सीएम नायब सैनी और प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली यानी पिछड़ा और ब्राह्मण समाज का समन्वय मंजूर नहीं है, यही कारण है कि उनकी छवि धूमिल कर रहे हैं।

इस मौके पर डॉ. धर्मपाल, देशराज कृषिंधु, मनीष कौशिक, जेपी शर्मा, बिट्टू शर्मा, वैध पंडित डॉ.प्रमोद कौशिक, सुनील शर्मा कमोदा समेत कई अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## ब्राह्मण समाज करेगा बैठक, सौंपेगा ज्ञापन

हरियाणा ब्राह्मण धर्मशाला एवं छात्रावास प्रदेशाध्यक्ष श्याम लाल भोर सैंयदा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में ब्राह्मण समाज के नेतृत्व को कलंकित करने का ये प्रयास सफल नहीं होगा। पूरा समाज मोहन लाल बडोली के साथ है। उन्होंने कहा कि जल्द समाज की बैठक आयोजित कर भविष्य की रणनीति बनाएंगे। ब्राह्मण समाज के सभी संगठनों ने कुरुक्षेत्र में रखी 19 को महा पंचायत, समन्वयक समिति बनाकर करेंगे दूध का दूध पानी का पानी करने की अपील हरियाणा ब्राह्मण सभा प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा पहलवान ने पत्रकारों से बातचीत में जानकारी दी कि हरियाणा ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता जिले राम पचौरीया, ब्राह्मण समाज खाप पंचायत के प्रधान अशोक शर्मा, हरियाणा ब्राह्मण धर्मशाला एवं छात्रावास प्रधान श्याम लाल शर्मा समेत कई अहम संगठनों की एक बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से एक कॉर्डिनेशन कमेटी गठित करने और इस मुद्दे पर आगामी रणनीति बनाने के उद्देश्य से 19 जनवरी रविवार को महापंचायत आयोजित होगी जिसमें भविष्य की रणनीति का खुलासा करेंगे।

# एसएसबी ने पांच बोरी खाद के साथ, एक नेपाली तस्कर को पकड़ा

**ककरहवा/सिद्धार्थनगर।** एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी ककरहवा के जवानों ने सीमा पर रविवार को एक आरोपी को पांच बोरी यूरिया के साथ पकड़ा। वह नेपाल का रहने वाला है। बरामद यूरिया सहित आरोपी को ककरहवा कस्टम के सुपुर्द कर दिया गया है।एसएसबी सीमा चौकी ककरहवा ने पिलर संख्या-544 के समीप पहुंचने के कुछ समय उपरांत देखा कि कुछ लोग साइकिल पर बोरी लादे भारत से नेपाल की तरफ जा रहे हैं। उनको रुकने के लिए कहा गया, लेकिन वे नेपाल के तरफ भागने लगे। घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान संतराम निवासी अमारी, जिला-रुपन्देही, थाना-लुंबिनी, नेपाल बताया और खाद के बारे में बताया कि वह तस्करी के लिए नेपाल ले जा रहे थे।

### दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता

# रूपेश पाण्डेय ने पंजाब के विक्की पहलवान को हराकर जीता दंगल

वेलकम इण्डिया



सिद्धार्थनगर ।जोगिया क्षेत्र के करौदा मसिना में ब्रह्मलीन महंत सर्वजीत सिंह की याद में लड्डू गोपाल मठ सेवा न्यास देवरा बाजार की ओर से आयोजित दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। निर्धारित 25 मिनट के रोमांचक दंगल में सिद्धार्थनगर के रूपेश पांडेय ने पंजाब के विक्की पहलवान को 10 मिनट की कुश्ती में पटकनी दे दी।

स्थानीय पहलवान की जीत पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मैदान गूंज उठा।दूसरे दंगल में नेपाल के लकी थापा ने राजस्थान के मुन्ना टाइगर को 20 मिनट में पराजित किया। तीसरे दंगल में अंकित पहलवान मुरादाबाद और महंत जोगिया के बीच कुश्ती हुई। चौथा पड़ाव मुकाबला रिजवान गनी जम्मू-कश्मीर तथा सोनू पहलवान चंडीगढ़ के बीच हुआ।इसमें जबरदस्त टक्कर के बाद लक्की थापा पहलवान नेपाल ने सोनू पहलवान को चित किया। सिद्धार्थनगर के कमलेश पहलवान ने उत्तराखंड के अंकित पहलवान को हराया।सबसे रोमांचक मुकाबला नेपाल के लकी थापा और मुन्ना टाइगर राजस्थान के बीच देखने को मिला। कुश्ती में धोबिया पछाड़ दांव आजमाते हुए लकी ने मुन्ना को पटकनी दी। शाकिर नूर पहलवान और विक्की पहलवान पंजाब के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें शाकिर ने विक्की को चित किया।उसका बाजार के सोनू पहलवान व मसिना के गोलू पहलवान के बीच बराबरी का मुकाबला हुआ। वहीं मोंटी पहलवान दिल्ली और अंकित पहलवान उत्तराखंड के बीच जबरदस्त कुश्ती हुई। दंगल का समापन पूर्व ब्लॉक प्रमुख कौशलेंद्र त्रिपाठी ने पहलवानों हाथ मिलाकर कराया। इस अवसर पर करौंदा मसिना ग्राम प्रधान प्रभु दयाल यादव, कृष्ण कुमार गुप्ता, अखिलेश सिंह, पूर्व प्रधान मसिना महेश कुमार पांडेय, विरेंद्र कुमार, ब्रह्मचारी, सहेंद्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य का स्वागत

**बरेली।** बरेली कॉलेज की प्रोफेसर सुषमा गौड़ियाल पत्नी एडवोकेट आकाश पुष्कर को भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग का सदस्य नामित किया गया है। उनके राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य बनने पर प्रथम बाद शहर में आगमन पर हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष ठाकुर सर्वेश सिंह एडवोकेट ने कार्यकतीओं संग फतेहगंज पश्चिमी व सीबीगंज क्षेत्र में उनका भव्य स्वागत कर हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। इस मौके पर आयोग की सदस्य प्रो. सुषमा गौड़ियाल ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गो, खास तौर पर सफाई कर्मचारियों के कल्याण और उत्थान के लिए भारत सरकार द्वारा अनेक योजनाएं शुरू की गई है और इनका लाभ लक्षित समूह तक पहुंचाने के लिए अधिक जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है।

# मन की बात कार्यक्रम मे पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया एवं वर्तमान एमएलसी रहे



वेलकम इंडिया

**नूरपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव शिवाला कलां में पंचायत घर पर प्रसारण दिखाया गया।

मन की बात के 118 वां एपिसोड प्रातः 11 बजे भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के आकाशवाणी दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने शिवाला कलां में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखा।

उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व परिवहन मंत्री एवं वर्तमान एमएलसी अशोक कटारिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम से देश की जनता से सीधे जुड़ते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता के लिए निःस्वार्थ काम करने वाले लोगों को देश में सम्मान दिलाया है। वे देश के लिए काम करने वाले लोगों का कार्यक्रम में जिक्र करते हैं। बिजनौर के भी कई लोगों का जिक्र प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम में किया है। इस दौरान कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष भाजपा विनय चौहान, बृजेश चौहान, भारत सिंह, कपिल कुमार, महेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, सतीश कुमार सहित आदि भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नवागत डी एम ने मां बेल्हादेवी के दर्शन कर जनपद के विभिन्न मार्गो व कान्हा गोशाला का किया निरीक्षण

विजय द्विवेदी

**प्रतापगढ़।** नवागत जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा सर्वप्रथम मॉ बेल्हा देवी मंदिर में माता जी का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर एवं आस-पास के दुकानदारों से वार्ता की गयी, दुकानदारों से वार्ता के दौरान पार्किंग की समस्या बतायी गयी, जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर स्थल का चिन्हांकन कराकर पार्किंग की समस्या का यथासम्भव समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। मॉ बेल्हादेवी के दर्शन-पूजन करने एवं दुकानदारों से विचार-विमर्श के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों का निरीक्षण किया गया तथा यातायात को सुगम एवं निर्बाध बनाये रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारियां को निर्देशित किया गया।



जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा को निर्देशित किया कि शहर के समस्त डिवाइडर एवं चौराहों पर कलर कोडिंग के अनुसार रंगाई-पुताई कराते हुए नगर पालिका सीमा क्षेत्रान्तर्गत लगी हुई स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक कराया जाय तथा शहर के समस्त वार्डों के सड़क एवं नाली की नियमित रुप से साफ-सफाई करायी जाय। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत प्रयागराज को आने-जाने वाले विभिन्न मार्गों का भी निरीक्षण किया गया तथा आगामी मौनी अमावस्या त्योहार के दृष्टिगत सभी सम्बन्धित अधिकारियां को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत मार्गों पर नियमित रुप से भ्रमणशील रहकर सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराते हुए यातायात को सुगम एवं निर्बाध बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा तहसील सदर की ग्राम बराछा में स्थित कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया गया, वहॉ पर गोवंश के हरे चारे एवं पीने हेतु पानी की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। वर्तमान समय में पड़ रही ठण्ड के दृष्टिगत ठण्ड से बचाव हेतु नियमित रुप से अलाव जलवाये जाने एवं काऊकोट की समुचित व्यवस्था कराने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा को निर्देशित किया गया। इस गोशाला में नन्दीशाला को अलग से चिन्हित कर बनाया गया है जो सराहनीय है। निर्देशित किया गया कि पशु चिकित्सक नियमित रुप से गोशाला का भ्रमण कर गोवंश के स्वास्थ्य आदि के सम्बन्ध में समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा तथा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार उपस्थित रहे।

# 500 के नोटों की नकली करेंसी के साथ एक डॉक्टर सहित दो को दबोचा



**मेरठ।** थाना परतापुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार सुबह 500 के नोटों की नकली करेंसी के साथ दो झोलाछाप डॉक्टरों को गिरफ्तार कर लिया, बता दे की शताब्दी नगर सेक्टर 4 पुलिस चौकी इंचार्ज मनोहर लाल व उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर काशी रोड स्थित झोलाछाप डॉक्टर लोकेश गुप्ता निवासी शताब्दी नगर 4 व उनके साथी झोलाछाप डॉक्टर वीरेंद्र शाह निवासी जिला रोहतास बिहार को 500 के लगभग 5000 रुपए की नकली करेंसी के साथ गिरफ्तार कर लिया पकड़े आरोपियों ने बताया कि घाट गांव का निपेंद्र त्यागी उन्हें नकली करेंसी आधे दाम में दे जाता था जिन्हें वह शाम का फायदा उठाकर पेठ बाजारों में चला दिया करते थे पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर मुख्य सरगना निपेंद्र त्यागी की तलाश में जुट गई है वही एलआईयू व इंटेलिजेंस जैसी टीम भी सक्रिय हो गई है और जांच में जुट गई है भारतीय नकली करेंसी आखिर कहां से आ रही है और छप कहां रही है यह भी पुलिस के लिए एक बड़ा सवाल है ?

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर अज्ञात वाहन से टकराई चालक गंभीर रूप से घायल




**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजा की हवेली ढाबे के सामने एक तेज रफ्तार मुरादाबाद से दिल्ली की तरफ जाते हुए अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर अज्ञात वाहन से टकराकर हुई क्षतिग्रस्त चालक हुआ गंभीर रूप से घायल।आपको बता दें कि नेशनल हाईवे 9 पर तेज रफ्तार का कहर लगातार जारी है। इसी क्रम में करीब 4 बजे राजा जी होटल के सामने मुरादाबाद से दिल्ली जाने वाले रोड पर एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार संख्या ल्फ 26 एॠ 1539 जोकि मुरादाबाद दशा से दिल्ली की तरफ जा रहा थी। जिसमें कार चालक संदीप पुत्र दिलीप निवासी थाना सिविल लाइन मुरादाबाद नियंत्रण खो बैठा और अज्ञात वाहन से कार की जबरदस्त भिड़ंत हो गई।जिसमें कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। और चालक संदीप गंभीर रूपसे घायल हो गया।

# नोटिस के बाद भी संचालित हैं हेल्थ केयर सेन्टर व पैथोलॉजी

**अलीगढ़वा/सिद्धार्थनगर।** जिले के कपिलवस्तु थाना क्षेत्र कपिलवस्तु अन्तर्गत अलीगढ़वा में नोटिस के बाद भी हेल्थ केयर सेन्टर व पैथोलॉजी संचालित है। आपको बता दें कि एक पैथोलॉजी पर नोटिस चस्पा मिला तो वहीं दूसरे में स्वास्थ्य सेन्टर से नोटिस गायब मिला। वहीं स्वास्थ्य सेन्टर पर एक्स-रे का बोर्ड लगा था तो स्वास्थ्य विभाग के छापेमारी के बाद जिस पर कालिख लगा दिया था। नोटिस के बाद मीडिया के स्वास्थ्य सेन्टर खुलने के सवाल पर अपनी कुर्सियां छोड़कर संचालक भाग गये। बीते दिनों स्वास्थ्य विभाग के औचक निरीक्षण पर कई सेन्टर संचालक बन्द कर गायब हो गये थे। सूत्रों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के पहुंचने से पहले अवैध तरीके से संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों को कैसे भनक लग जाती है।

# व्यापारी नेता ने व्हाट्सएप पर भ्रामक खबर फैलाने वाले के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष के खिलाफ नगर के ही एक युवक ने व्हाट्सएप ग्रुप पर झूठी एवं भ्रामक ऑडियो शेयर की है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरी देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला नज्जूपुरा निवासी हाजी मुशर्रफ अली उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष तथा एक कारोबारी व्यक्ति हैं। उनका कहना है कि नगर के मोहल्ला मोतीनगर निवासी एक युवक ने उनके खिलाफ विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर झूठी,निराधार एवं भ्रामक खबर फैलाई है, जिससे उनकी प्रतिष्ठा एवं छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है।उक्त अमर्यादित ऑडियो के जरिए सार्वजनिक तौर पर उनके खिलाफ गलत लांछन लगाया गया है। जिससे नगर में आवाम के बीच उनकी छवि धूमिल हुई है।विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर शेयर की गई इस भ्रामक एवं झूठी ऑडियो के बारे में कई लोगों ने उन्हें जानकारी देकर बताया है। व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट,झूठी खबर या अमर्यादित टिप्पणी कर माहौल खराब करने या किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा एवं छवि को जानबूझकर धूमिल करने का प्रयास करने वालों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नगर के एक युवक ने व्हाट्सएप ग्रुप पर मेरे खिलाफ झूठी,निराधार एवं अमर्यादित ऑडियो शेयर कर जानबूझकर मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है।जिसके सम्बंध में मेरे द्वारा कोतवाली में आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हेतु नामजद तहरीर दी गयी है। **-हाजी मुशर्रफ अली, जिला उपाध्यक्ष व्यापार मंडल,**

# पत्रकार अरशद को चांदपुर नगर महासचिव नियुक्त किया : शर्मा

वेलकम इंडिया

**चांदपुर ।** अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब बिजनौर द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन का विस्तार भी किया गया। मीटिंग में चांदपुर निवासी मोहम्मद अरशद को संगठन का चांदपुर नगर महासचिव नियुक्त कर माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। तथा 26 जनवरी को कार्यालय पर ध्वजारोहण करने तथा मई माह में हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाने का भी निर्णय लिया गया।

जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने संगठन को पत्रकारों के हित में कार्य करने का आश्वासन दिया तथा संगठन का जिला स्तर पर विस्तार करने की बात कही। अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के जिला प्रभारी नितिन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार जनहित में कलम चलाएं पीत पत्रकारिता से बचे और संगठन हित में एकजुट होकर रहे। तथा संगठन की मजबूती पर विशेष बल दिया और संगठन के बिस्तार पर चर्चा की।




इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, विनोद शर्मा राष्ट्रीय सह सचिव, नितिन शर्मा जिला प्रभारी बिजनौर, डा ओमप्रकाश सिंह चौहान नूरपुर ब्लाक अध्यक्ष, नूपुर ब्लॉक महामंत्री बृजनंदन दास, नूरपुर ब्लॉक कोषाध्यक्ष नवेंदु शर्मा, मौलाना शाहिद कासमी सलाहकार, शक्ति शर्मा नगर अध्यक्ष चाँदपुर, आफताब आलम जिला महा सचिव, मौ अरशद नगर महासचिव चांदपुर, रईस अहमद आदि मौजूद रहे।

# भाकियू का किसानो के गन्ना भुगतान भ्रष्टाचार एवं अन्य समस्याओं को लेकर तहसील में नौवें दिन भी धरना जारी

वेलकम इंडिया

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** भारतीय किसान यूनियन के द्वारा किसानों के गन्ना भुगतान एवं भ्रष्टाचार से संबंधित अन्य किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील में नौवे दिन भी धरना जारी रहा। जिसमें भुखमरी के कगार पर पहुंच रहे।गुस्साए किसानों ने गन्ना भुगतान एवं घरौनी खतौनी में चल रहे। भ्रष्टाचार घोटाले को लेकर दर्जनों किसानों ने अपनी बात धरने के दौरान चल रही पंचायत में रखी। जिस पर विस्तार से चर्चा की गई। और मंडल प्रवक्ता दिनेश त्यागी एवं युवा मंडल अध्यक्ष जीते चौहान फैजान प्रधान बदरखा ने संगठन में शामिल हुए नए कार्यकताओं को महात्मा टिकैत का चित्र भेंटकर कर सम्मानित किया गया।




आयोजित किसान पंचायत की अध्यक्षता भाई इंसाफ अली एवं संचालन मुकीम चौधरी ने किया।

पंचायत में कमेटी एवं किसानों ने निर्णय लिया कि जो वार्ता अधिकारियों से 20 जनवरी को होनी थी।अब वह वार्ता 21 जनवरी को होगी।जिसमें में मुख्य रूप से अऊट हापुड़, जिला खनन अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, ऊउड गन्ना विभाग, एस ई हापुड़ विद्युत विभाग,सिंभावली शुगर मिल कंट्रोलर सहित सभी अधिकारी मौके पर पंचायत में होंगे तभी वार्ता होगी अन्यथा वार्ता नहीं होगी। इस मौके पर मंडल प्रवक्ता दिनेश त्यागी युवा मंडल अध्यक्ष जीते चौहान राजकुमार त्यागी लोकेश बबलू आशु हापुड़ सामिया खा अनुज यादव नितिन ठेकेदार दीपक यादव रईस प्रधान अनुज बाबूजी मनोज कुमार पंकज त्यागी सुनील चौहान कपिल त्यागी चेतन त्यागी नेता नौशाद गौरव त्यागी अंकित चौहान ब्रह्मपाल प्रधान सुनील भड़ाना उमेश चौहान विकास चौहान संजय जाटव सुभाष चौहान संदीप भाई सहित सैकड़ो से अधिक संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं किसान भाई मौजूद रहे।

# दबंगों का आतंक, किसान की जमीन पर कब्जा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** बहेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम शाहगढ़ में दबंगों की दबंगई का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान राम स्वरूप मौर्य ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को प्रार्थना पत्र देकर अपनी जमीन पर कब्जा दिलाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम स्वरूप ने बताया है कि उनकी कृषि भूमि (गाटा संख्या 101) पर उपजिलाधिकारी के आदेशानुसार कच्ची और पक्की तूदाबंदी की गई थी। यह तूदाबंदी राजस्व निरीक्षक द्वारा क्रमशः 13 फरवरी 2024 और 10 जून 2024 को पूरी की गई थी, जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया था। इसके बावजूद गांव के कुछ दबंगों, जिनमें ख्यालीराम, राजकुमार, नेत्रपाल, नोनीराम, गुलाबी और मोहनलाल शामिल हैं, ने उनके खेत पर लगाए गए पक्के तूदे उखाड़ दिए।

पीड़ित का कहना है कि उन्होंने कई बार इस घटना की शिकायत उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और थाना बहेड़ी में की, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी वह अपनी जमीन पर कब्जा लेने की कोशिश करते हैं, तो विपक्षीगण उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं।

राम स्वरूप ने बताया है कि विपक्षीगण दबंग और बदमाश प्रवृत्ति के लोग हैं, जो कभी भी उनके और उनके परिवार के साथ कोई अनहोनी कर सकते हैं। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया गया है कि दबंगों ने तूदे उखाड़कर सरकारी आदेशों में बाधा डाली है।

राम स्वरूप ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई थी कि उनके प्रार्थना पत्र पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें उनकी कृषि भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग की थी। जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# योगी फाउंडेशन के द्वारा सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क हेलमेट वितरण का कार्यक्रम किया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विजेंद्र अग्रवाल (कैलाश डेरी)पश्चिमी उत्तर प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर नागेंद्र प्रताप सिंह तोमर (प्रदेश मंत्री हिंदू युवा वाहिनी) एवं एआरटीओ राजेश कर्दम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा रिबन काट कर किया गया। संस्था के संरक्षक प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया योगी फाउंडेशन अभी तक 204 गरीब परिवार की बेटियों की शादी कर चुका है, एवं आगामी माह में 21 बेटियों की शादी और करेगा। संरक्षक अरविंद अग्रवाल ने बताया योगी फाउंडेशन द्वारा सामाजिक क्षेत्र में कई सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं। जैसे एक निशुल्क एंबुलेंस का संचालन,रक्तदान शिविर, भंडारों का आयोजन जैसे कई कार्य किये जा रहे हैं, संस्था के अध्यक्ष राजकमल गुप्ता ने बताया सड़क सुरक्षा हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। हर साल सड़क हादसे में लगभग 3% लोग अपनी जान गवा देते हैं।एक छोटी सी लापरवाही एक घर का चिराग बुझा देती है,जाने कितनी बहने हैं जो समय से पहले विधवा हो चुकी हैं। जाने कितनी माँ है जिन्होंने अपनी आंखों का चिराग खो दिया है।हम सभी सामाजिक लोगों को इस बारे में सोचना चाहिए हम सभी को आगे आकर पहल करनी चाहिए। कि जो लोग सक्षम नहीं है कम से कम हम उन्हें हेलमेट दिलवा सके।इसी को मद्देनजर रखते हुए योगी फाउंडेशन द्वारा एक अनूठी पहल शुरू की गई जिसके अंतर्गत रविवार 19 जनवरी 2025 को कृष्णा प्लाजा तेज गढ़ी गढ़ रोड मेरठ पर योगी फाउंडेशन द्वारा 100 हेलमेटों का वितरण किया गया। आगामी 1 साल में संस्था का लक्ष्य 1000 हेलमेट वितरण करने का है।जो समय-समय पर शहर के अलग-अलग स्थान पर किए जाएंगे साथ ही लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करने का काम भी संस्था करती रहेगी। इस मौके पर दीपक कसाना, श्रीकांत, आराधना, डॉ रविंद्र कटारिया, सनी कुमार, अर्चना सिंह, हरेंद्र सिंह, नंदनी नायक एवं समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गड्ढे में कीचड़ से सनी एक युवक की मिली लाश

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना क्षेत्र के लुंबिनी रोड पर बर्डपुर टैक्सी स्टैंड के पास गड्ढे में कीचड़ से सनी एक युवक की लाश मिली। पुलिस ने शव बाहर निकलवाकर पहचान की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पंचनामा करके मोर्चरी में रखवा दिया है।

लोगों के मुताबिक वह कबाड़ बीनते हुए देखा जाता था। घटना की जानकारी मिलने के बाद एएसपी, सीओ सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली। नगर के लुंबिनी रोड स्थित टैक्सी स्टैंड के पास एक कबाड़ी की दुकान है। वहीं, नीचे खाली मैदान है, जहां एक गड्ढा है। सुबह तकरीबन 10:00 बजे लोगों ने एक गड्ढे में मुंह के बल पड़े शव को देखा तो सनसनी फैल गई। शोरगुल होते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई ।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश बाहर निकवाई। वह कीचड़ से सनी थी। पहचान की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। लोगों ने बताया कि मरने वाला कबाड़ बीनता था। मानसिक रूप से बीमार लगता था, लेकिन कहां का रहने वाला है, इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सही। इस संबंध में कोतवाल संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि लाश मिलने के जानकारी के बाद मौके पर पहुंचकर बाहर निकलवाया गया। पहचान की कोशिश की गई, लेकिन पहचान नहीं हो सका। लाश को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। 72 घंटे इंतजार के बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सोशल मीडिया पर वायरल हुई मोनालिसा ने छोड़ा महाकुंभ

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** गंगा की धरा पर विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू है। कई साधु संत सोशल मीडिया में छाए हैं। पिछले कई दिनों से हर्षा रिछारिया और आईआईटी वाले बाबा सुर्खियों में हैं। वहीं अब मोनालिसा सुर्खियों में हैं, मोनालिसा कोई साध्वी नहीं है। महाकुंभ में साधु, संतों और भक्तों की सेवा करने और पूजा की जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कई जिलों और अन्य प्रदेशों से लोग पहुंचे हैं। महाकुंभ करोड़ों श्रध्दालुओं में लोग सेवा के साथ पैसा भी कमा रहे हैं। मध्य प्रदेश के महेश्वर से एक परिवार माला बेचने के लिए महाकुंभ में आया है। इसी परिवार की लड़की मोनालिसा है। मोनालिसा सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हो रही है ।महाकुंभ में हर कोई मोनालिसा के साथ फोटो खिंचाना चाहता है। इससे मोनालिसा काफी परेशान हैं, माला बेचने में परेशानी हो रही है। मोनालिसा देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। हर जगह लोग फोटो खिंचवा रहे थे और वीडियो बना रहे थे, इससे परेशान होकर पिता ने मोनालिसा को वापस घर भेज दिया है।

# वीर योद्धा महाराणा प्रताप की 428 बी पुण्यतिथि पर ग्राम नरसेना में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर ऊंचागांवः** महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर गांव नरसेना में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर एडवोकेट अमित राणा के ने एक सौ एक मोमबत्ती - जलाकर तथा उसको पुष्प अर्पित करके उनको नमन किया। साथ ही युवाओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेने को अपील की एडवोकेट अमित राणा राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने देश के लिए अपनी आन बान और शान को त्याग दिया था इस मौके पर एडवोकेट अमित राणा प्रवीण राणा धर्मेन्द्र राणा मौजूद रहे।

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्?थान के मेवाड़ में हुआ था। राजपूत राजघराने में जन्?म लेने वाले प्रताप उदय सिंह द्वितीय और महारानी जयवंता बाई के सबसे बड़े पुत्र थे। वे एक महान पराक्रमी और युद्ध रणनीति कौशल में दक्ष थे

महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि का महत्व : महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि हमें उनके बलिदान और देशभक्ति को याद दिलाती है। महाराणा प्रताप को भारत का राष्ट्रीय गौरव माना जाता है। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम भी अपने देश के लिए कुछ करें। इस दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं,

# बनवासी बस्ती मे सुनी गई मन की बात



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** विधान सभा सेवापुरी के राजातालाब मण्डल के शक्ति केन्द्र ढढोरपुर के बूथ संख्या 306 पर बनवासी बस्ती में रविवार को मन की बात की 118वां संस्करण रेडियो के माध्यम से सुना गया। जिसमें माननीय मोदी जी ने पहले गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। सविधान सभा ने सभी हितों में काम किया है। भारत लोकतंत्र की जननी है। कुंभ आस्था, एकता का महाकुंभ है। कुंभ में युवाओं की बड़ी भागीदारी है। कुंभ में किसी भी तरह की भेदभाव नहीं है। भारत स्पेस डॉकिंग करने वाला चौथा देश है। आदि बातो पर चर्चा की। जिसमें वाराणसी जिला मंत्री अश्वनी पांडेय, मण्डल अध्यक्ष राजातालाब सुजीत कुमार पाल, बूथ अध्यक्ष शिव शंकर पाण्डेय उर्फ धनई गुरु, ज्ञानेंद्र पांडेय, संदीप गुप्ता, राजनाथ विश्वकर्मा, विशाल पाठक, राजेंद्र यादव, उमाशंकर बनवासी, कल्लू बनवासी, राजेंद्र बनवासी, बाबूलाल बनवासी, सोनी बनवासी, शिला बनवासी, संगीता बनवासी व मीरा बनवासी आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# रक्षा मंत्री के प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे क्षेत्रीय अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष



वेलकम इंडिया

***मिजार्मुराद।*** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित किसान इंटरमीडिएट कालेज के ग्राउंड में रविवार की शाम रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह के प्रस्तावित जनसभा के लिए भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी क्षेत्र दिलीप पटेल व जिलाध्यक्ष/एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने निरीक्षण किया ।क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि संविधान गौरव अभियान विशाल जनसभा किसान इंटरमीडिएट कालेज के ग्राउंड में 23 जनवरी को होगा ।जिसको लेकर ग्राउंड का निरीक्षण किया गया है ।इस दौरान कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. शिवराज मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम व संजय सोनकर, भाजपा नेता राम सकल पटेल, जिलाउपाध्यक्ष सुरेश सिंह, संजय मिश्रा, अरविंद पटेल, यतीश तिवारी समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# नगर पालिका में विकास पहुचेगा आपके द्वार -कवि जोशी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद पर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे कवि जोशी ने पत्रकार वार्ता की उन्होंने अपना संकल्प पत्र जारी किया। बताया कि नगर को विकास की बुलंदियों में ले जाकर नगरवासियों की अपेक्षा अनुसार विकास घर घर तक पहुचेगा ।नगरवासियों को गैस की होम डिलीवरी की व्यवस्था दी जाएगी। टूक टूक में महिलाओं हेतु निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी। दो सीटी बसों का संचालन किया जाएगा। नगर में हर घर के रास्तों को को पक्का रास्ता बनाया जाएगा। नालियों की उचित व्यवस्था होगी। नगरपालिका से भ्रष्टाचार खत्म किया जाएगा। सभी वार्डो में लाइट की बेहतर व्यवस्था की जायेगी। स्लॉटर हाउस का निर्माण किया जाएगा। डंपिंग जोन को जल्द बनाया जाएगा। पर्यावरण मित्र को बढ़ाया जाएगा। पॉकेट पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी। सीवर लाइन के निर्माण के लिए युद्धस्तर से कार्य किया जाएगा। सूरजकुंड में घाटों का निर्माण किया जाएगा। जिससे जनेऊ संस्कार करने वालो को लाभ मिलेगा। विकास प्राधिकरण के लिए भी लगातार हमनें लड़ाई की है। महायोजना को बागेश्वर नगर पालिका से क्षेत्र से हटाया जाएगा। शासन से वार्ता की जाएगी। नगर क्षेत्र में मुख्य बाजार के समीप शौचालय की व्यवस्था नही होने से व्यापारियों सहित जिले भर से आने वाले लोगों को बाजार क्षेत्र में आधुनिक शौचालय बनाकर 10 शौचालयो को हाईटेक और बायोमेट्रिक बनाया जाएगा। नगर क्षेत्र में विकास का रोडमैप बना लिया गया है ।संकल्प लिया है, संकल्पित होकर नगरवासियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा ।जनता भी विकास में एक शिकायत नम्बर पर अपनी शिकायतें दर्ज करेगी जिससे तत्काल समस्या समाधान का प्रयास होगा ।और नगरवासियो से बेहतर सामंजस्य स्थापित हो सकेगा ।उन्होंने कहा कि अबतक बारी बारी दोनों दलों के प्रत्यासियों को मौका दिया गया है ।कहा कि अब तक जनसमस्याओं के लिए संघर्ष कर किसी भी समस्या के समाधान के लिए लगातार आंदोलन के माध्यम से जनसमस्याओं के लिए आवाज उठाई है ।उन्होंने चुनाव मेंसभी वार्डो से जनसहयोग मिलने की बात कही।

# हापुड़ विद्यालय कार्यक्रम में आए पूर्व डिप्टी सीएम ने भाजपा नेता के निवास स्थान पर पहुंचकर परिवार का पूछा कुशलछेम



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़**/हापुड़ विद्यालय कार्यक्रम में आयें पूर्व डिप्टी उट ने भाजपा नेता प्रिंस पंडित के घर पहुंचे और परिवार का कुशलछेम पूछने के उपरांत परिवार जनों से की वार्ता। आपको बता दें कि एक विधायलय के कार्यक्रम में हापुड़ आये पूर्व उपमुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने भाजपा नेता प्रिंस पंडित के घर पहुंच कर परिवार का हाल चाल लिया और जलपान किया ।गौरतलब रहे कि प्रिंस पंडित को युवाओं का आइकन माना जाता हैं। युवाओं में काफी प्रसिद्ध प्रिंस पंडित युवाओं के लिए खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन कराते रहते हैं ।पूर्व में वो चेतन चौहान एवं भाजपा के संगठन मंत्री स्व प्रदूमन के भी सहयोगी रह चूके हैं ।पूर्व उपमुख्यमंत्री ने परिवार के साथ काफी समय बिताया। और सभी का हाल चाल पूछने के उपरांतउ दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम के गाँव सिमरौली पहुँचने पर समाज के हर वर्ग के व्यक्ति ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया ।इस अवसर पर स्वागत करने वालो में डा महेश शर्मा चौ॰ सुरेंद्र सिंह ,गुरुदत्त राजकुमार शर्मा,आनंद मास्टर,दिनेश सैनी , आशु ,अंकुर,मोनू, मामचंद प्रजापति , ठाकुर राजेंद्र, अनुज शर्मा आदि ।

# बिजली निगम के कर्मी काली पट्टी बांधकर 23 को करेंगे विरोध प्रदर्शन

वेलकम इंडिया

**सिद्धार्थनगर।** विद्युत निजीकरण के विरोध में प्री-बिडिंग कांफ्रेंस के दिन बृहस्पतिवार को बिजली निगम के कर्मी काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसमें निजीकरण के लिए सलाहकार नियुक्त करने की प्रबंधन की कोशिश से बिजली कर्मियों में नाराजगी है।

रविवार को विद्युत निगम कार्यालय पर हुई बैठक में विद्युत निगम संघर्ष समिति ने प्री-बिडिंग कांफ्रेंस के दिन 23 जनवरी को समस्त ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी और अभियंता भोजन अवकाश के दौरान कार्यालयों के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे ।संघर्ष समिति ने कहा कि कंसल्टेंट की नियुक्ति में भी भारी धनराशि खर्च होगी।

यह सर्वविदित है कि कंसलटेंट कॉर्पोरेट घरानों से ही होते हैं और कंसलटेंट ऐसा आरएफपी डॉक्यूमेंट तैयार करते हैं जो संबंधित कॉर्पोरेट घराने को सूट करता है। यह एक प्रकार से मिलीभगत का खेल है, जिसे रोका जाना चाहिए ।अधिशासी अभियंता ज्ञान प्रकाश, योगेश बघेल, नीरज कुशवाहा, यादवेश राय, पंकज कुमार, अनिल कुमार यादव, राजदीप चौधरी, जहीर अब्बास अंसारी, राजेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



# दिन निकलते ही लोनी की कंचन पार्क कालोनी में पसरा मातम, चार की मौत

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** लोनी के कंचन पार्क इलाके की एक संकरी गली में चार मंजिला मकान में भयंकर आग लग गई। रविवार को दिन निकलते ही इतना बड़ा हादसा होने से लोनी में मातम पसरा है। सूचना पर लोनी और साहिबाबाद फायर स्टेशन से तीन गाडियां मौके पर भेजी गईं। फायर यूनिट ने मकान में फंसे दंपति और उनके बेटे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना में गुलबहार, जीशान, अयान और शान की मौत हो गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल पाल ने बताया गली संकरी होने के कारण फायर यूनिट को ऑपरेशन को अंजाम देने में काफी परेशानी आई। दीवार तोड़कर आग बुझाई गई। टीम ने दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि चार खंभा रोड पर गली नंबर- पांच (कंचन पार्क) के चार मंजिला मकान में आग लगी थी। आग ने दूसरे और तीसरे तल को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया था। गली संकरी होने के कारण फायर टेंडर मौके पर जाने की स्थिति नहीं थी। ऐसे में फायर टेंडर बाहर खड़े करके बराबर के मकानों छह हौज पाइप डाले गए। बराबर के मकान पर चढ़कर दीवार तोड़ी गई और उसके बाद आग पर काबू पाया गया। जीना संकरा होने के कारण टीम को ऊपर तक जाने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। संकरे जीने में सामान भी रखा हुआ था और धुआं भर गया था। फायर टीम ने मुश्किल परिस्थितियों के खुद बचाते हुए मकान में फंसे लोगों को बाहर निकाला और स्थानीय लोगों व पुलिस के सहयोग से अस्पताल पहुंचाया। मौके पर मौजूद पड़ोसियों ने बताया कि मकान में परिवार फंसा हुआ है। फायर यूनिट ने आग को शांत कर तुरंत अंदर प्रवेश किया गया और फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला गया। इनमें महिला 32 वर्षीय गुलबहार पत्नी शाहनवाज, पुत्र आठ वर्षीय शान, नौ वर्षीय जान पुत्र शाहनवाज और जीशान पुत्र शमसाद) बेहोशी के हालत में पाए गए। सभी को स्थानीय पुलिस व जनसमूह के द्वारा हॉस्पिटल भर्ती कराया गया। चार लोग मकान की छत पर फंसे थे। इनमें 30 वर्षीय आयशा पत्नी शमसाद, महिला का बेटा चार वर्ष का बच्चा अयान झुलसे पाए गए। दो लोगों 30 वर्षीय शाहनवाज और शमसाद को सुरक्षित छत से उतारा गया। मकान में द्वितीय तल पर सिलाई का काम होता है। सिलाई मशीने और कपड़े जल गए हैं। शाहनवाज और शमशाद दोनों भाई मूलरूप से मवाना, मेरठ के रहने वाले हैं। धुएं में दम घुटने और झुलसने से बड़ा हादासा हो गया। शाहनवाज की पत्नी गुलबहार और दोनों बेटे आठ साल के शान और नौ साल के जान के साथ शमशाद के बेटे जीशान की मौत हो गई। दोनों भाईयों के भरे पूरे परिवार में चार साल का मासूम अयान बचा है।

## आईआई मोदीनगर चैप्टर के चेयरमैन राज ढींगरा विशिष्ट गुणवत्ता पुरस्कार से होंगे सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** आईआई मोदीनगर चैप्टर के चेयरमैन राज ढींगरा (वीके टायर इंडिया लि) को लघु उद्योग के लिए आगामी 24 जनवरी को लखनऊ में शासन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में विशिष्ट गुणवत्ता पुरस्कार से सम्मानित किए जाएंगे। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, मोदीनगर परिवार की सदस्यों ने उन्हें सम्मानित किए जाने के निर्यण पर पर खुशी जाहिर करते हुए उनका हार्दिक अभिनंदन किया है। यह पुरस्कार प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 24 जनवरी को लखनऊ में प्रदान करेंगे जिसमें सम्मान प्रपत्र के साथ 1 लाख की धनराशि दी जाएगी। श्री राज ढींगरा की इस उपलब्धि पर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, मोदीनगर के सभी पदाधिकारियों विशेषकर डॉ मुकेश गर्ग, भूपेंद्र अग्रवाल, बृजमोहन कपूर, राकेश कंसल, संजीव माहेश्वरी, प्रमोद चौरसिया, शशि भूषण, मनोज माहेश्वरी, विपिन चौधरी, हिमांशु अग्रवाल, अमित त्यागी एवं गौरव गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

## गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी महिला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई बी एवं सी की स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर में दशार्या की गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल का प्रयोग ना करें, सड़क पर चलने के नियम जैसे उल्टा ना चलना अपनाना चाहिए, जीवन बहुत अनमोल है उसको सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम लोगों की ही है। प्रतियोगिता का संचालन इकाई बी एवं इकाई सी की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शालू देवी एवं श्रीमती राखी शर्मा द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा के निर्देशन में किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी.ए. छात्रा दिया, द्वितीय स्थान पर बी.एस.सी. छात्रा दीपा आर्या और तृतीय स्थान पर बी.ए. छात्रा कशिश रहीं। छात्राओं का प्रोत्साहवर्धन करने में शिक्षिका सुश्री प्रेरणा उपाध्याय, सुश्री गार्गी, सुश्री स्वीटी का विशेष योगदान रहा।

## सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने शोरूम का फीता काटकर किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** जेन मोबिलिटी इलेक्ट्रिक कंपनी का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहले शोरूम का उद्घाटन सांसद डॉ राजकुमार सांगवान एवं विधायक डॉ मंजू सिवाच ने फीता काटकर किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि चेयरमैन विनोद वैशाली रहे। कंपनी के सी ई ओ नमित जैन और विवेक तोमर ने बताया कि कंपनी के सभी प्रोडक्ट पूर्णतः भारत निर्मित है। यह लीथियम आयन बैटरी की अत्याधुनिक रिक्शा है।शोरूम के डायरेक्टर विनय सिंघल एवं शुभम ने बताया कि कंपनी कुछ ही समय में पूर्ण भारत निर्मित लीथियम आयन का अपना पैसेंजर रिक्शा भी लॉन्च करेंगी। ज्ञात हो कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यह कंपनी का पहले शोरूम की शुरूआत है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित गोयल, महामंत्री निर्दोष खटाना, सभासद मोनू धामा, स्वर्णकार समाज मोदीनगर के अध्यक्ष मोहित सोनी, मातृभूमि सेवा संघ के विकास भारतीय, प्रेस क्लब के अध्यक्ष एड० अरुण वर्मा, डॉ अरुण त्यागी, नीरज बत्रा एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नींव द स्कूल मे सीबीएसई द्वारा दो दिवस इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** 'नींव द स्कूल', मोदीनगर में सीड्डबीड्डएसड्डई ( केंद्रीय शिक्षा एवं अनुसंधान बोर्ड) द्वारा दो दिवसीय इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम (प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम) आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व प्रधानाचार्या ज्योत्सना शर्मा एवं सुश्री अक्षिता बहुगुणा ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त करना, सीबीएसई के विभिन्न पोर्टल एवं उनका उपयोग, शिक्षण विधियों को बेहतर बनाना आदि विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्या रोमी शर्मा एवं नींव द स्कूल के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। शिक्षकों ने इस प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में बहुत कुछ सीखा। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों ने प्रबंधक अमित अग्रवाल के प्रति उन्हें यह अवसर प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। नीव द स्कूल सभी शिक्षकों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है।

## कस्बा फरीदनगर में ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** कस्बा फरीदनगर के कांग्रेस के अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी ने कस्बा स्थित ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने व जर्जर तारों बदलवाने की मांग को लेकर विद्युत विभाग के अधिशासी अधिकारी महेश उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। श्री कुरैशी ने बताया कि कस्बे को जितने लोड़ की आवश्यकता है उससे काफी कम क्षमता का ट्रांसफार्मर ईशानगर बिजली घर में है उसे बढ़ाया जाए जिसे दोगुना करने की स्वीकृति मिलने की अधिशासी अधिकारी ने आश्वासन दिया है। अय्यूब कुरैशी ने बताया कि कस्बे में काफी बिजली कट लग रहा है जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कुरैशी ने बताया कि कस्बे में कई मौहल्लों में जर्जर तार गुजर रहे हैं जिनसे सदैव दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अधिशासी अधिकारी ने बताया की उनको बदलने काम जारी है। उपाध्याय ने बताया कि लोड़ बढ़ाने पर करीब पौने दो करोड़ व जर्जर तारों को बदलने में करीब एक करोड़ रुपए का खर्च आएगा। कुरैशी ने अधिशासी अधिकारी का आभार जताया।

## 24 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संजीव गुप्ता को करेंगे राज्य अवार्ड से सम्मानित

**गाजियाबाद।** आगामी 24 जनवरी को अवध शिल्प ग्राम लखनऊ में एमएसएमई पुरस्कार समारोह में समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता को इलेक्ट्रिकल्स श्रेणी में राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह राज्य पुरस्कार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समरकूल ग्रुप के द्वारा रोजगार के अवसर सृजित करने और बेहतर उत्पादन के लिए संजीव गुप्ता को प्रदान करेंगे। राज्य पुरस्कार के संबंध में वार्ता करते हुए संजीव गुप्ता ने बताया कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग पुरस्कार योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने समरकूल का नाम चयनित किया है। इसके आमंत्रण के लिए श्रम उपायुक्त श्रीनाथ पासवान के पत्र द्वारा उन्हें सूचित किया गया है। समरकूल को दिए जाने वाले सम्मान के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रदेश सरकार और एमएसएमई सैक्टर सहित जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उघमिता विकास केन्द्र गाजियाबाद का आभार व्यक्त किया है।

## स्वर्णकार समाज की बैठक में दिया एकजुटता का परिचय

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** स्वर्णकार समाज मोदीनगर की एक अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्वर्णकार समाज के लोगों ने भारी संख्या में हिस्सा लिया। बेगमाबाद स्थित बड़े बाजार में आयोाजित हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि समाज के संरक्षक ब्रजमोहन वर्मा, धर्मवीर वर्मा व अध्यक्ष मोहित सोनी ने अपनी भागेदारी निभाते हुये बैठक का नेतृत्व किया। इस दौरान ब्रजमोहन वर्मा ने समाज को एकजुट होने का आहवान किया। धर्मवीर वर्मा ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुये आगामी 23 फरवरी को आयोजित होने वाले संगठन के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भारी संख्या में पंहुचने का आहवान किया। अध्यक्ष मोहित सोनी ने कहा कि संगठन एक परिवार की तरह होता है, हमें परिवार की तरह आगे बढ़कर संगठन को एकजुट करना होगा और किसी भी तरह के मनमुटाव को दूर रखना होगा, तभी एक सशक्त संगठन का निर्माण संभव है। मोहित सोनी ने 23 फरवरी को आयोजित होने वाले संगठन के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये समाज के लोगों को आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में समाज के अनेक रत्न एक मंच पर होंगे। संचालन मनोज सोनी ने किया। बैठक को सफल बनाने में एडवोकेट जितेन्द्र वर्मा, राकेश शास्त्री उर्फ सोनी, राजन वर्मा, विष्णु वर्मा का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान हर्षित वर्मा, पूर्व सभासद रवि वर्मा, मोंटी वर्मा, देवेंद्र सोनी, गौरव वर्मा, विकास सोनी, अंकित वर्मा, विवेक सोनी सहित सैकड़ों बेगमाबाद के स्वर्णकारबंधु मौजूद रहें।

## नाटकबाज थिएटर के संस्थापक को विश्व हिन्दी मंच ने किया सम्मानित

**गाजियाबाद।** रंगमंच निर्देशक प्रमोद शर्मा रंगकर्मी और नाटकबाज थिएटर के संस्थापक, समाजसेवी प्रमोद शर्मा को विश्व हिन्दी मंच ने मुदफरा हापुड़ में सम्मानित किया। इस दौरान सांस्कृतिक मूलों को अपने नाटकों के माध्यम से आम जन मानस तक पहुंचने के लिए आयोजकों ने उनकी प्रशंसा भी की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व उप-मुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा रहे। बतादे कि प्रमोद पिछले 19 वर्षों से लगातार रंगकर्म कर रहे हैं। वे नाटकबाज थिएटर के संस्थापक भी हैं। प्रमोद के द्वारा पिछले सात वर्षों से नाटक का निर्देशन और लेखन कार्य भी बखूबी किया जा रहा है। इनके नाटकों में भारतीय संस्कृति और सांस्कृतिक मूल्यों की झलक साफ साफ दिखाई देती है। नाट्य निर्देशक व लेखक प्रमोद ने वीर सावरकर, राष्ट्रयोदय, राष्ट्र आराधन, अखंड भारत (नुक्कड़), शिवाजी, जल और जीवन (नुक्कड़), पेड़ और नदियां (नुक्कड़) जैसे नाटकों का लेखन किया है।

## विद्युत बिल के सरचार्ज में अधिक छूट देने के लिए दूसरे चरण की अवधि 22 जनवरी तक बढ़ाया

**गाजियाबाद।** विद्युत उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना में बकाया विद्युत बिल के सरचार्ज में अधिक छूट देने के लिए दूसरे चरण की अवधि 15 जनवरी से बढ़ाकर 22 जनवरी तक कर दी है। बकाया विद्युत बिलों के सरचार्ज में अधिक छूट देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लाई गई है। योजना का दूसरा चरण चल रहा है। पहले चरण में उपभोक्ताओं ने लाभ उठाया था। विद्युत निगम जोन दो के मुख्य अभियंता नरेश भारती ने बताया कि उपभोक्ताओं के रुझान को देखते हुए योजना के दूसरे चरण की अवधि 22 जनवरी की है। योजना में उपभोक्ता को विद्युत बकाया किश्तों में जमा करने की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा यदि शहरी या ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता पंजीकरण के बाद एकमुश्त भुगतान करते हैं तो उन्हें सरचार्ज में अधिकतम छूट दी जाएगी।

## कांग्रेस ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस प्रेस वार्ता के दौरान 10 सूत्रीय संकल्प पत्र पेश किया

वेलकम इंडिया



**हरिद्वार।** हरिद्वार कांग्रेस के मुख्य चुनाव कार्यालय रोड धर्मशाला में पत्रकार वार्ता के दौरान 10 सूत्रीय संकल्प पत्र जारी करते हुए महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हरिद्वार को कॉरिडोर मुक्त, नशा (स्मैक) मुक्त, अपराध मुक्त, और मेडिकल कॉलेज, जगजीतपुर और जिला महिला अस्पताल के निजीकरण के विरोध का संकल्प लेकर चुनावी मैदान में है। हरिद्वार में कांग्रेस का बोर्ड निर्वाचित होने पर कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी अमरेश देवी बालियान के नेतृत्व में हरिद्वार के चहुंमुखी विकास के साथ जनता की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। आगामी निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए स्वतंत्रता सेनानी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जनता की भलाई के लिए कार्य किया है और हम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देंगे।

## आई ए एस सावींन बंसल डीएम की सक्रियता से रफ्तार पकड़ रहे हैं विकास कार्य

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** लम्बित भूमि विवाद सुलझाकर कराया एनएच का निर्माण कार्य आशारोड़ी हाईवे के लिए क्षतिपूरक वन भूमि स्थान्तरित कर दी गति किया बल्लुपुर झ पौंटा एनएच के निर्माण कार्य का मौका मुआयना अपने कार्यकाल में शानदार कार्यशैली से न सिर्फ सरकार बल्कि जनता में भी धाकड़ छवि बना चुके आईएएस सविन बंसल रोजाना दबे मुद्दों पर खुद आगे बढ़कर फैसले लेते हैं और ढुलमुल रवैये पर अधिकारीयों की जमकर क्लास भी लगाते हैं। जनता दरबार हो या अचानक कहीं किसी चौराहे या दफ्तर में छापा मार कर सरकारी कार्य प्रणाली को रफ़्तार देने की हिदायत हो बीते कुछ समय में आपने कई बार ऐसे वाकये सुने और देखे होंगे। देहरादून के जिलाधिकारी ने प्रेमनगर में एनएच कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्य प्रगति का जायजा लिया तथा दूरभाष पर एनएच के अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने "जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह" को सचिव बनने पर दी शुभकामनाएं



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** पेरेंट्स एसोसिएशन ने जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह को उनके आवास पर जाकर पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह और महऋषि दयानंद एवं अहिल्याबाई होलकर की पुस्तक भेट कर कृषि विभाग में सचिव के पद पर पदोन्नति होने पर गाजियाबाद से विदा होने के समय दी शुभकामनाएं। यहां आपको बता दे कि जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह को एक सख्त और अनुशासित अधिकारी के रूप मे जाना जाता है अब प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें कृषि विभाग में सचिव के पद पर अहम जिम्मेदारी देकर पदोन्नति दी गई है जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने जिले में जहा अभिभावकों के हित में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण निर्णय लिए वही स्वास्थ और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में कई परियोजनाओं को शुरू कर समय रहते पूरा किया। गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और सचिव अनिल सिंह ने कहा कि जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने अपने कार्यकाल में जहा आरटीई के दाखिलों के माध्यम से गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों के बच्चो को शिक्षा का अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वही उनकी सख्ती के आगे जिले के नामी उत्तम स्कूल फोर गर्ल्स, देहरादून पब्लिक स्कूल, जैसे अनेकों नामी स्कूलों को बैकफुट पर आने को विवश होना पड़ा हम ऐसे जिलाधिकारी को सदैव अपनी स्मृति में बनाए रखेंगे जिले के अभिभावकों की तरफ से जिलाधिकारी जी को कृषि विभाग में सचिव जैसे अहम पद की हार्दिक शुभकामनाए और बधाई। इस मौके पर अनिल सिंह, संजय पंडित, महिपाल रावत, डॉ राजीव, पारस चौधरी, मनीष चौधरी राजू सैफी, नरेंद्र कुमार, आदि मौजूद रहे !

# यमुना डोभाल बांध निर्माण एवं मरमत कार्य के उद्घाटन का विधायक तेजपाल ने किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** जिला गौतमबुद्धनगर से दादरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक तेजपाल नागर ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा हिण्डन यमुना डोभाल बंध के निर्माण एवं मरम्मत कार्य का उद्घाटन किया। यह परियोजना जनपद गौतमबुद्ध नगर में हिण्डन यमुना डोभाल बंध के किमी 0.000 से किमी 3.500 तक और यमुना मार्जिनल बंध के कुलसरा से हिण्डन यमुना डोभाल बंध के किमी 0.000 तक सड़क निर्माण (डिपॉजिट मद) के अंतर्गत की गई है। इस पूरे कार्य की लागत 3.09 करोड़ है और इसकी लंबाई 4.50 है। इस परियोजना का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, डॉ. महेश शर्मा एवं दादरी विधायक तेजपाल नागर के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जल संरक्षण, बाढ़ प्रबंधन एवं आवागमन में सुधार होगा। उन्होंने इस परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए राज्य सरकार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं संबंधित विभागों का आभार व्यक्त किया। बीजेपी से दादरी विधायक तेजपाल नागर ने जनता को विश्वास दिलाया कि वे क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और भविष्य में ऐसी और भी योजनाओं को कार्यान्वित करेंगे। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों की उपस्थिति रही।

# 1 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा 50 हजार का इनामी हत्यारोपी



**वेलकम इंडिया**

गाजियाबाद। एक साल से फरार चल रहे 50 हजार इनामी हत्यारोपी को थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है।

घटना 17 जनवरी 2024 की है, जब दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने ट्रैक्टर विवाद में अपने ही साथी की हत्या कर दी थी। हत्या मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर 17 जनवरी 2024 को एक व्यक्ति की लाठी डंडे लोहे की रोड और पाइप से पीट कर हत्या कर दी थी। मृतक और आरोपी सभी नेशनल हाईवे बनाने का काम कर रहे थे और ट्रैक्टर पर बैठने को लेकर झगड़ा हुआ था। पुलिस ने आरोपी के ऊपर 50000 का इनाम घोषित किया था। पकड़ा गया आरोपी आकाश पुत्र अनिरूद्ध शर्मा पश्चिम बंगाल का रहने वाला है।

# नगर निगम गाजियाबाद ने स्कूलों में ओपन जिम की करवाई शुरूआत

**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम के स्कूलों में ओपन जिम की शुरूआत हो गई है। इनका पांच हजार छात्राएं लाभ उठा सकेंगी। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य होना जरूरी है।

शरीर स्वस्थ रहेगा तो मानसिक स्थित भी स्वस्थ रहेगी। उन्होंने बताया कि भोपुरा कुटी, महरौली, चंद्रपुरी, साहिबाबाद, मकनपुर और अन्य स्कूलों में ओपन जिम लगवाए हैं। सभी स्कूलों में ओपन जिम की शुरूआत हो गई है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने चंद्रपुरी स्कूल में ओपन जिम की शुरूआत कराई। छात्राएं जिम पर कसरत कर फिट रह सकेंगी। गाजियाबाद नगर निगम के सभी स्कूलों में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर ओपन जिम लगवाए गए हैं छात्राओं का सर्वांगीण विकास ही निगम की प्राथमिकता है जिसको रफ्तार देने के लिए लगातार नगर आयुक्त सभी स्कूलों पर नजर बनाए हुए हैं, लगभग 5 हजार छात्राओं को सुदृढ़ बनाने का कार्य गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है, शारीरिक स्वास्थ्य होना बहुत जरूरी है शरीर स्वस्थ होगा तो मानसिक भी स्वस्थ होगा इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम स्कूलों में समय-समय पर सभी छात्राओं का मेडिकल चेकअप भी होता है।



# सत्य साईं बाबा के शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में परिवर्तन स्कूल में परवरिश कार्यशाला का आयोजन

**गाजियाबाद।** सत्य साईं बाबा के शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में सत्य समिति ने राजनगर एक्सटेंशन स्थित परिवर्तन स्कूल में परवरिश कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल चेयरपर्सन वीनू चौधरी, प्रधानाचार्या संगीता शर्मा, निदेशक आयोजन विदूषी तथा वित्त निदेशक विशाल चौधरी ने किया। चेयरपर्सन सुश्री वीनू चौधरी ने अपने विशिष्ट संबोधन में साईबाबा के जीवन से जुडी मानवता प्रेरित करने वाले वचनों से किया। कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले अभिभावकों को संतोष जावा, दिव्या त्यागी, अनुपमा, डॉ. प्रीती, के. श्रीधर ने बच्चों में होने वाले परिवर्तन, विद्रोही व्यवहार, सोशल मीडिया का प्रभाव और पालन-पोषण की चुनौतियों तथा समाधान के बारे में बताया। कार्यशाला के आयोजक प्रयाग ने समिति के उद्देश्यों बताए।

# राजस्व बढ़ाने की ओर नगर निगम गाजियाबाद का शानदार कदम, वाट्सअप का लिया साथ, आसान होगी लोगो की राह

**वेलकम इंडिया**



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम फरवरी के पहले सप्ताह से हाउस टैक्स के बिल व्हाट्सएप के जरिए भवन स्वामियों को भेजेगा और भुगतान करने की सुविधा भी व्हाट्स पर ही मिलेगी, जो काफी आसान और सुरक्षित होगी। इसके बाद संपत्ति स्वामियों को हाउस टैक्स के बारे में पता करने की टेंशन नहीं रहेगी। संभवत गाजियाबाद नगर निगम पहला नगर निगम होगा जिसमें व्हाट्सएप के माध्यम से बिल भेज कर हाउस टैक्स की वसूली की जाएगी। नई व्यवस्था से न केवल करदाताओं को हाउस टैक्स का भुगतान करने में सहुलियत होगी बल्कि नगर निगम का राजस्व भी बढ़ेगा, और राजस्व बढेगा तो जन सुविधाएं बढ़ेंगी। नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का कहना है कि व्हाट्स एप पर बिल मिलने के बाद करदाताओं को गाजियाबाद नगर निगम आने की भी जरूरत नहीं होगी, वे घर बैठे ही व्हाट्सएप पर हाउस टैक्स का बिल प्राप्त कर एक क्लिक से भुगतान भी कर सकेंगे और हाथों हाथ रसीद भी मिलेगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आधुनिक तकनीकी को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह शहर और नगर निगम हित में है। इस क्रम में व्हाट्स पर बिल भेजकर हाउस टैक्स भुगतान की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि व्हाट्सएप पर गाजियाबाद नगर निगम का लोगो तथा ब्लू टिक लगा होगा, इसकी कॉपी नहीं हो सकेगी और करदाताओं को सुरक्षित भुगतान की सुविधा मिलेगी। इसके लिए मेटा फेसबुक व्हाट्सएप से एग्रीमेंट हुआ है कि वह निगम का लोगों तथा ब्लू टिक किसी और को कॉपी नहीं करेंगे तथा व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त होने वाले नोटिस का भुगतान पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेगा। करदाताओं की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए व्हाट्सएप के माध्यम से हाउस टैक्स वसूली प्रक्रिया को प्रारंभ किया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा सभी जोनल प्रभारियों तथा संबंधित अधिकारियों को व्हाट्सएप पर हाउस टैक्स वसूली हेतु जन- जन को जागरूक करने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने कह?ा है कि करदाताओं को सुविधा देने और टैक्स वसूली बढ़ाने के लिए यह जरूरी है। इससे ऑनलाइन भुगतान को बढ़ावा मिलेगा। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने बताया कि कर दाता 31 मार्च से पूर्व अपना बकाया हाउस टैक्स जमा करते हुए 12 प्रतिशत ब्याज से बच सकेंगे। फरवरी माह में व्हाट्सएप पर हाउस टैक्स बिल भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। आधुनिक तकनीकी का उपयोग करते हुए समस्त कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। पेमेंट गेटवे व अन्य कार्यवाही भी आगामी सप्ताह में पूर्ण हो जाएगी, इसके बाद व्हाट्सएप पर बिल भेजने की प्रक्रिया को रफ्तार दी जाएगी।

# गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**गाजियाबाद।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में वसुंधरा सेक्टर-16 आरडब्ल्यूए ने रविवार को चित्रकला प्रतियोगिता कराई। अध्यक्ष सुरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद पार्क में सुबह 11:30 बजे से शुरू हुए आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए। नन्हें हाथों से देशभक्ति, गणतंत्र दिवस और पर्यावरण को लेकर सुंदर चित्र बनाकर सभी को आकर्षित किया। संस्था गणतंत्र दिवस पर होने वाले समारोह में इन बच्चों को पुरस्कृत करेगी। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को देश के बारे में जागृत करना है। एम जोसफ, अमित किशोर, धर्मेंद्र सिंह, रितु शर्मा, कविता गुप्ता, रश्मि भारद्वाज, ममता पाल व संध्या सक्सेना का योगदान रहा।

# नोएडा के थाना बिशरख की चिपयाना पुलिस ने कंपनी में हुई चोरी का आठवां चोर किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**





**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** नोएडा के थाना बिसरख की चिपियाना पुलिस का शानदार कार्य बीते 09 जनवरी की रात्रि चौकी क्षेत्र में स्थित श्री बालाजी किचन इक्यूपमेंट कंपनी में डकैती का मामला हुआ था जिसका खुलासा हुआ डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बीते 14 जनवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया से पकड़े गए 6 बदमाश और चोरी के माल को खपाने वाला कबाड़ी की गिरफ्तारी के विषय में जानकारी साझा की थी इसी केश के एक और 38 वर्षीय बदमाश विकास उर्फ बिल्लू निवासी भोजपुर हापुड़ को चिपयाना पुलिस चौकी प्रभारी मनेंद्र प्रताप सिंह और उनकी टीम ने बदमाश को चोरी के माल के साथ चिपयाना फाटक से गिरफ्तार किया है। थाना बिशरख पुलिस ने पूर्व में कबाड़ी समेत कुल 7 बदमाश शाहरुख, आकाश त्यागी, मुनाफ, गुलजार, गोलू उर्फ अंकुश, आजाद तथा इस्तेकार (कबाड़ी) को जेल भेजा था अब तक कुल 8 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पूरा मामल इस प्रकार है पहले रेकी की गई उसके बाद बीते 09 जनवरी की रात्रि शातिर बदमाशों ने कंपनी में घुसकर काम करने वालों को बंधक बनाया और अपने साथ किराए पर लाई हुई बोलोरो गाड़ी में माल को और वहां खड़ी ईको कार को लेकर फरार हो गए थे। पुलिस के अनुसार जिसका खुलासा करते हुए शत प्रतिशत माल की बरामदगी कर ली गई है।

मामले की संजीदगी को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए कई सीसीटीवी का अवलोकन और इंटेलिजेंस की मदद से डकैती के इस मामले का खुलासा किया गया।

# कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने किया समाजिक सदभाव लिट्टी चोखा कार्यक्रम



**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर 10 में आईटी एंड इलेक्ट्रिकल कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद विधायक सुनील कुमार शर्मा की और सामाजिक सदभाव लिट्टी चोखा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बिहार का मुख्य व्यंजन लिट्टी चोखा खिलाकर सदभाव प्रेम भाईचारे का संदेश दिया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद विधायक सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि सामाजिक कार्यक्रम देश और समाज को मजबूती प्रदान करते हैं। कैबिनेट मंत्री में विधायक सुनील कुमार शर्मा द्वारा किए गए लिट्टी चोखा कार्यक्रम में बिहार पूर्वांचल के हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति ने बताया कि बिहार पूर्वांचल समाज में मंत्री सुनील शर्मा की एक मजबूत पकड़ है वह इतनी बड़ी संख्या ने कार्यक्रम को सफल बनाने का काम भी किया।

## ट्रांस हिंडन के 10 मंडलों की रही उपस्थित...

मंत्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा किए गए सामाजिक सद्भाव लिट्टी चोखा कार्यक्रम में इंदिरापुरम, वैशाली, कौशांबी, खोड़ा सहित 10 मंडलों से स्थानीय जनप्रतिनिधि जिसमें नगर निगम पार्षदों व पालिका सभासदों की भी उपस्थिति रही। वही मंत्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा किए गए इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए सभी ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम लगातार होने चाहिए और मंत्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा किए गए इस अच्छी पहल का सभी स्वागत करते हैं।

# महानगर के 1512 बूथों पर भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** महानगर में भाजपा के सभी मंडल अध्यक्षों एवं महामंत्रियों के साझा नेतृत्व में एवं मन की बात महानगर संयोजक की अगुवाई में महानगर के 1512 बूथों पर पदाधिकारी, वरिष्ठ नेताओं को भेजकर मंडल के सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुनने व देखने की व्यवस्था की गई। इसी कड़ी में भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी को रसूलपुर सिकरोड़ा गोविंदपुरम मंडल के बूथ संख्या 287 पर अतिथि के रूप में मन की बात कार्यक्रम में भेजा गया। उन्होंने सभी कार्यकताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम देखा व सुना। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमित रंजन, मंडल महामंत्री गजेंद्र सिंह चौहान, मोनू, सविता त्यागी, रण बीर सिंह, संजय कौशिक, मनोज त्यागी, जे के एस पाल, पुष्पा पांडे, गौरी, सोनू भाटी आदि उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने'मन की बातज् कार्यक्रम के 118वें एपिसोड को संबोधित किया। यह इस साल का पहला एपिसोड है। आमतौर पर यह कार्यक्रम हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होता है, लेकिन इस बार अंतिम रविवार को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस है। मन की बात के 118वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, यह गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है।